www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

सूर्योदय सुबह 7:09 बजे
सूर्यास्त शाम 5:25 बजे

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-89 • पृष्ठ-8 • मूल्य-1 रूपये • वीरवार 4 दिसंबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर

## न्यूज़ ब्रीफ

### बीजापुर में मुठभेड़ 7 माओवादी ढेर

**नई दिल्ली**| छत्तीसगढ़ के बीजापुर-दंतेवाड़ा की सीमा पर सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ जारी है। अब तक 7 माओवादियों के मारे जाने और 3 जवानों के शहीद होने की पुष्टि हुई है। एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि मुठभेड़ करीब दो घंटे से चल रही है और गंगालूर इलाके में हो रही है, जिसे माओवादी कमांडर पापा राव का मजबूत गढ़ माना जाता है। सुरक्षा बलों ने बड़ी संख्या में माओवादियों को घेर रखा है। अधिकारियों का कहना है कि ढेर हुए माओवादियों की संख्या और बढ़ सकती है, क्योंकि इलाके में रुक-रुक कर फायरिंग जारी है। सुरक्षा एजेंसियां हालात पर करीबी नजर रखे हुए हैं।

### जाति जनगणना पर राहुल का विपक्ष पर हमला

**नई दिल्ली।**|लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि जाति जनगणना पर न तो कोई स्पष्ट रूपरेखा है और न ही संसद में इस विषय पर गंभीर चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बहुजनों के साथ विश्वासघात कर रही है। राहुल गांधी ने X पर संसद में पूछे गए अपने प्रश्न का उत्तर साझा करते हुए लिखा कि केंद्र के पास न समयबद्ध योजना है, न जनभागीदारी, न सार्वजनिक संवाद, और न ही अन्य राज्यों के सफल जाति सर्वेक्षणों से सीखने की इच्छा। उन्होंने सरकार से जनगणना की प्रक्रियाओं, प्रश्नों के मसौदे और जनता से सुझाव लेने पर भी सवाल उठाया था।

### 13 साल के बच्चे से दिलवाई मौत की सजा

**खोस्त**| अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत में एक स्टेडियम में करीब 80 हजार लोगों के सामने एक व्यक्ति को मौत की सज़ा दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, 13 वर्षीय लड़के को गोली चलाने का जिम्मा दिया गया। मृतक पर आरोप था कि उसने इस बच्चे के 13 परिजन, जिनमें महिलाएं और बच्चे शामिल थे, की हत्या की थी। फांसी से पहले तालिबान अधिकारियों ने बच्चे से पूछा कि क्या वह आरोपी को माफ करना चाहता है, लेकिन उसने इनकार कर दिया। इसके बाद अधिकारियों ने उसे हथियार सौंपा और स्टेडियम में मौजूद भीड़ के सामने आरोपी को गोली मार दी।


### सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिपोर्टर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

संसद सत्र का तीसरा दिन भी हंगामेदार... SIR पर कांग्रेस का जोर, श्रम कानूनों पर विपक्ष का घेराव

# संचार साथी ऐप, कुत्ता विवाद और दिल्ली की जहरीली हवा भी बने सत्र के बड़े मुद्दे

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**



संसद के शीतकालीन सत्र का तीसरा दिन भी लगातार हंगामे और राजनीतिक तीखेपन के बीच बीता। कांग्रेस ने स्पष्ट कर दिया कि SIR (चुनाव सुधार) उनकी पहली और सबसे अहम प्राथमिकता है। कांग्रेस सांसद तारीक अनवर ने कहा देश के सभी राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा को तैयार हैं, लेकिन SIR पर बहस पहले होनी चाहिए।

लोकसभा में चुनाव सुधार पर अब 9 दिसंबर को चर्चा होगी। दो दिनों से तुरंत बहस की मांग पर अड़े विपक्ष ने आखिरकार निर्धारित तिथि पर चर्चा के लिए सहमति जता दी है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता के. सुरेश ने बताया कि 9 दिसंबर को इलेक्टोरल रिफॉर्म्स (चुनावी सुधार) पर 10 घंटे लंबी विस्तृत बहस आयोजित की जाएगी। इसके अलावा, सुरेश ने यह भी जानकारी दी कि 8 दिसंबर को 'वंदे मातरम्' पर विशेष चर्चा होगी, जिसके लिए भी 10 घंटे का समय निर्धारित किया गया है।

उधर, सरकार ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सदन वंदे भारत और चुनाव सुधार पर पहले से तय बहस करने के लिए तैयार था, लेकिन विपक्ष ने "बिना वजह" कार्यवाही बाधित की। भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा—"सरकार पूरी तरह तैयार थी, विपक्ष ने दो दिन बर्बाद किए।"

तीसरे दिन का सबसे बड़ा हंगामा लेबर लॉ पर रहा। संसद परिसर में पोस्टर उठाकर विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी प्रदर्शन में शामिल रहे। इस पर भाजपा सांसद गिरिराज सिंह बोले— "विपक्ष सिर्फ मीडिया का ध्यान खींचना चाहता है, जनता ने उन्हें नकार दिया है।" प्रदूषण का मुद्दा भी जोरदार तरीके से उठा। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ऑक्सीजन मास्क लगाकर संसद पहुंचे और कहा कि दिल्ली समेत उत्तर भारत की हवा "जहरीली" हो चुकी है और प्रधानमंत्री को इस पर हस्तक्षेप करना चाहिए।

संचार साथी ऐप पर भी विवाद जारी रहा। विपक्ष की आलोचना के बीच केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा—"अफवाहों पर भरोसा न करें, ऐप को हटाया जा सकता है।"

इस बीच, संसद में पालतू कुत्ता लाने को लेकर कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी पर प्रस्ताव पेश किया गया। जवाब में उन्होंने कहा कि असली मुद्दे— प्रदूषण, बीएलओ की आत्महत्या और श्रम कानून—गायब हैं, लेकिन "कुत्ता चर्चा का विषय बना हुआ है।" सत्र के तीसरे दिन की बहसें संकेत देती हैं कि आने वाले दिनों में संसद का माहौल और अधिक गर्म रहने वाला है।

राज्यसभा में कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे और सभापति सी.पी. राधाकृष्णन के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। राज्यपाल आवास का नाम बदलकर लोकभवन करने पर सहमति बनने के बाद खड़गे ने कहा कि इस मुद्दे से जुड़े कई पहलुओं पर चर्चा आवश्यक है और सभापति के कार्यालय में भी इस पर बात हुई थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि सिर्फ़ टीएमसी सांसद डोला सेन को बोलने का मौका दिया गया जबकि सदन के नेता अनावश्यक हस्तक्षेप कर रहे हैं। इस पर भाजपा सांसद जेपी नड्डा ने खड़गे के आरोपों को ख़ारिज करते हुए कहा कि उन्होंने केवल विषय से असंबंधित बातों को हटाने का अनुरोध किया है।

टीएमसी सांसद डोला सेन ने नाम परिवर्तन को "संघवाद पर हमला" बताते हुए केंद्र पर राज्य सरकार से बिना परामर्श निर्णय लेने का आरोप लगाया और कहा कि राजभवन का उपयोग "भाजपा के समानांतर ढांचे" की तरह किया जा रहा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल को लंबित केंद्रीय धनराशि न मिलने का मुद्दा भी उठाया।

# दिल्ली निगम उपचुनाव में 12 में से 7 वार्ड भाजपा के खाते में

## आप को 3 सीटें, कांग्रेस को मिली 1 सीट




**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

दिल्ली नगर निगम उपचुनाव के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। घोषित नतीजों के अनुसार 12 वार्डों में से 7 पर भाजपा उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। वहीं आम आदमी पार्टी को 3 सीटों पर संतोष करना पड़ा, जबकि कांग्रेस और AIFB को 1-1 सीट मिली। सबसे पहले चांदनी चौक वार्ड के नतीजे आए, जहां भाजपा ने जीत दर्ज करते हुए अपना खाता खोला।

**▪ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के इस्तीफ़े के बाद खाली हुई सीट पर BJP की बड़ी जीत...**

*मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के वार्ड शालीमार बाग-बी (वार्ड 56) में भाजपा ने रिकॉर्ड जीत दर्ज की। इस सीट से भाजपा उम्मीदवार अनीता जैन ने AAP की उम्मीदवार बबीता राणा को 10,101 वोटों के भारी अंतर से हराया। यह सीट रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने के बाद खाली हुई थी। इससे पहले रेखा गुप्ता इसी वार्ड से नगर पार्षद थीं।*

**▪ आप और कांग्रेस को भी महत्वपूर्ण जीतें...**

*मुडका वार्ड में आम आदमी पार्टी ने जीत दर्ज की, जहां AAP उम्मीदवार ने भाजपा को 1,577 वोटों से मात दी। वहीं संगम विहार (वार्ड 163A) से कांग्रेस ने जीत दर्ज की, जबकि इस सीट पर भाजपा का उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहा। उपचुनाव परिणामों ने दिल्ली की स्थानीय राजनीति में एक बार फिर रोचक मोड़ ला दिया है, जहां भाजपा ने मजबूत प्रदर्शन किया, जबकि AAP और कांग्रेस सीमित सफलता के साथ दूसरे व तीसरे पायदान पर रहीं।*

बवाल • पीएम को 'चायवाला' दिखाने पर कांग्रेस-भाजपा में गर्माया माहौल

# भाजपा का आरोप- कांग्रेस बार-बार प्रधानमंत्री की पृष्ठभूमि का मज़ाक उड़ाती है, संसद में भी टकराव

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'चायवाला' के रूप में दिखाते हुए AI-generated वीडियो पोस्ट करने के बाद बुधवार को बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। यह वीडियो मंगलवार को पोस्ट किया गया था, जिसके बाद सर्दियों के सत्र के बीच राजनीतिक गलियारों में माहौल गरमा गया। भाजपा ने कांग्रेस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहज़ाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस प्रधानमंत्री की विनम्र पृष्ठभूमि का बार-बार अपमान करती है। उन्होंने लिखा, "नामदार कांग्रेस एक कामदार OBC पृष्ठभूमि से आए प्रधानमंत्री को कभी स्वीकार नहीं कर पाती। पहले भी वे उनके 'चायवाला' पृष्ठभूमि का मज़ाक उड़ाते रहे हैं। 150 बार उन्हें गाली दी और बिहार में उनकी माता का भी अपमान किया। लोग कभी माफ़ नहीं करेंगे। यह विवाद उस घटना के बाद फिर उभरा है जब कुछ महीने पहले बिहार में कांग्रेस के एक कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति ने मंच पर चढ़कर प्रधानमंत्री और उनकी मां के खिलाफ अपमानजनक बातें कही थीं।

**▪ संसद में भी बढ़ा टकराव...**

मामला केवल सोशल मीडिया तक सीमित नहीं रहा। संसद के भीतर भी दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक देखने को मिली।

पिछले 10 वर्षों में राज्यों का कुल कर्ज तीन गुना बढ़ा : सीएजी रिपोर्ट

# देश में सबसे अधिक प्रति व्यक्ति कर्ज वाला राज्य बना पंजाब

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च इंस्टिट्यूट के ताज़ा आंकड़ों ने बड़ा खुलासा किया है पंजाब अब देश का सबसे अधिक प्रति व्यक्ति कर्ज वाला राज्य बन गया है। रिपोर्ट के अनुसार पंजाब में औसत प्रति व्यक्ति कर्ज 1,23,274 रुपये तक पहुंच चुका है। इन आंकड़ों के अनुसार केरल दूसरे स्थान पर है, जहां प्रति व्यक्ति कर्ज 1,20,444 रुपये है। इसके बाद महाराष्ट्र का स्थान तीसरा है, जहां यह आंकड़ा 65,568 रुपये है। गुजरात चौथे स्थान पर है, जहां प्रति व्यक्ति कर्ज 54,655 रुपये बताया गया है, जबकि बिहार पांचवें स्थान पर है, जहां प्रति व्यक्ति कर्ज 21,220 रुपये है।

• राज्यों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर सवाल

*इन आंकड़ों ने राज्यों की आर्थिक सेहत पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर उन राज्यों पर, जहां लगातार कर्ज बढ़ रहा है लेकिन राजस्व वृद्धि उसकी भरपाई करने में सक्षम नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि पंजाब लंबे समय से कृषि संकट, सीमित औद्योगिक विस्तार और भारी सब्सिडी बोझ जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। बढ़ता कर्ज आने वाले वर्षों में विकास योजनाओं, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।*

**• CAG रिपोर्ट ने भी जताई चिंता**

*कुछ दिनों पहले भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने अपनी रिपोर्ट में राज्यों के बढ़ते कर्ज को लेकर चौंकाने वाली जानकारी दी थी। CAG के अनुसार देश के सभी 28 राज्यों का कुल कर्ज पिछले 10 वर्षों में तीन गुना बढ़ गया है। 2013–14 में राज्यों का कुल कर्ज 17.57 लाख करोड़ रुपये था, जो 2022–23 में बढ़कर 59.60 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पंजाब का सार्वजनिक ऋण उसके कुल सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) के 30% से भी अधिक है, जो गंभीर वित्तीय दबाव का संकेत है। यह रिपोर्ट राज्य वित्त सचिवों के सम्मेलन के दौरान जारी की गई थी।*

# चंद्रभागा बीच पर क्लाइमेट चेंज थीम ने खींचा ध्यान

*ओडिशा के चंद्रभागा बीच पर 15वें इंटरनेशनल सैंड आर्ट फेस्टिवल का दूसरा दिन- देश-विदेश के कलाकारों की शानदार कलाकृतियों ने मन मोह लिया।*






कांग्रेस सांसद रहते आवंटित दो मकानों पर अवैध कब्जे का आरोप

# केंद्रीय राज्य मंत्री बिट्टू को बीबीएमबी ने भेजा नोटिस

**समर न्यूज़ | नांगल**



**केंद्रीय राज्य मंत्री बिट्टू**

केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू को भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड ने 17.62 लाख रुपये की रिकवरी नोटिस जारी की है। आरोप है कि नंगल टाउनशिप कॉलोनी में बीबीएमबी द्वारा उन्हें कांग्रेस सांसद (आनंदपुर साहिब, 2009–14) रहते हुए आवंटित किए गए दो सरकारी मकानों पर वह आज भी बिना वैध अनुमति कब्जा बनाए हुए हैं। इनमें से एक मकान (48-I) अभी भी कांग्रेस कार्यालय के रूप में उपयोग किया जा रहा है, जबकि बिट्टू अब कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल होकर केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं। बीबीएमबी के अनुसार, मकान खाली कराने के लिए मंत्री को कई नोटिस भेजे गए, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

प्रतिक्रिया न मिलने पर बोर्ड ने दोनों मकानों पर पेनल रेंट लगाना शुरू किया और किराया अदायगी न होने पर वर्तमान रिकवरी नोटिस भेजा गया। बोर्ड का कहना है कि इस नोटिस का भी मंत्री की ओर से अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है, जबकि फोन कॉल और वॉट्सऐप संदेशों पर भी कोई प्रतिक्रिया दर्ज नहीं हुई।

मामला सितंबर में तब और गंभीर हो गया, जब यह सामने आया कि नंगल का कांग्रेस कार्यालय अब भी बिट्टू के नाम पर रजिस्टर्ड है, जबकि क्षेत्रीय स्तर पर कार्यालय का प्रबंधन पूर्व विधानसभा स्पीकर केपी राणा की टीम संभाल रही है, और बिजली मीटर व बिल भी उनके नाम पर हैं।

चुनावी मौसम के बीच बीबीएमबी का यह रिकवरी नोटिस कांग्रेस के लिए नई राजनीतिक परेशानी लेकर आया है, जिससे स्थानीय स्तर पर सरगर्मी बढ़ गई है।

**पेज 1 एंकर स्टोरी** — 2017 की दोहरी हत्या का आरोपी नजीर, भारत सरकार से सहयोग की अपील

# एफबीआई ने गिरफ्तारी पर 50 हजार डॉलर का इनाम किया घोषित

**समर न्यूज़ | अमेरिका**

अमेरिका में 2017 में एक भारतीय महिला और उसके 6 वर्षीय बेटे की बर्बर हत्या के मामले में फरार आरोपी नजीर हमीद की तलाश तेज कर दी गई है। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने उसकी गिरफ्तारी में मदद करने वालों के लिए 50,000 डॉलर का इनाम घोषित किया है और भारत सरकार से उसके प्रत्यर्पण में सहयोग की अपील की है।

यह मामला 23 मार्च 2017 का है, जब न्यू जर्सी के मेपल शेड स्थित एक अपार्टमेंट से शशिकला नर्रा (38) और उनके बेटे अनीश नर्रा (6) के क्षत-विक्षत शव बरामद हुए थे। पोस्टमॉर्टम में पता चला कि दोनों की हत्या गले पर चाकू से कई वार कर की गई थी। अनीश का सिर धड़ से अलग मिला था, और दोनों के शरीर पर गहरे घावों के अनगिनत निशान थे।

## जांच में कैसे सामने आया आरोपी का नाम?

तफ्तीश के दौरान खुलासा हुआ कि हमीद, जो भारतीय नागरिक है, उसी अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स में रहता था। वह पीड़ित महिला के पति और बच्चे के पिता का पीछा करता था, जिससे वह शुरू से ही संदेह के दायरे में था। हत्या के छह महीने बाद वह भारत भाग आया और तब से यहां छिपा हुआ है। सबसे बड़ा सबूत तब मिला जब घटनास्थल पर पाई गई खून की एक बूंद किसी भी पीड़ित की नहीं थी। डीएनए जांच में वह खून नजीर हमीद से मेल खा गया। फरवरी 2025 में उस पर हत्या समेत छह गंभीर अपराध दर्ज किए गए।

### अमेरिकी प्रशासन का दबाव बढ़ा

*न्यू जर्सी के गवर्नर फिल मर्फी ने हाल ही में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा को फोन कर हमीद को प्रत्यर्पित करने के लिए तत्काल कार्रवाई का आग्रह किया। बर्लिंगटन काउंटी अभियोजक लाचिया ब्रैडशॉ ने कहा, "न्याय की कोई सीमा नहीं होती। हम भारत सरकार से अपील करते हैं कि इस जघन्य अपराधी को तुरंत अमेरिका भेजा जाए ताकि वह अपने अपराध की सजा पा सके।*

### एफबीआई की मोस्ट वांटेड लिस्ट में शामिल

*FBI ने हमीद को अपनी मोस्ट वांटेड लिस्ट में डाल दिया है। एजेंसी का कहना है कि आरोपों की घोषणा में देरी इसलिए हुई क्योंकि जांचकर्ता अतिरिक्त सबूत जुटा रहे थे और भारत से उसके प्रत्यर्पण की कानूनी प्रक्रिया पर काम कर रहे थे। अब FBI ने जनता से उसकी जानकारी देने की अपील करते हुए इनाम की घोषणा भी कर दी है।*



# लोकसभा में गूंजे पंजाब और चंडीगढ़ के मुद्दे

## पंजाब पंचायत चुनावों की औपचारिक घोषणा होने के बाद राजनीतिक सरगर्मी हुई तेज

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

अमृतसर से कांग्रेस सांसद गुरजीत सिंह औजला ने गुरदासपुर के सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा के हालिया बयान का समर्थन किया है। औजला ने कहा कि अमृतसर और गुरदासपुर में लगातार गैंगस्टर सक्रिय हैं, लोग परेशान हैं और आए दिन हत्याएं हो रही हैं, लेकिन सरकार की ओर से ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही। वहीं, आम आदमी पार्टी नेताओं के उस आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए कि रंधावा के गैंगस्टरों से संबंध हैं, औजला ने कहा कि "AAP नेता सिर्फ मुख्यमंत्री भगवंत मान को खुश करने के लिए ऐसे बयान दे रहे हैं।" उन्होंने कहा कि पंजाब में बढ़ते अपराधों को केवल बयानबाज़ी से नहीं रोका जा सकता; सरकार को कड़े कदम उठाने की जरूरत है। अकाली-भाजपा गठबंधन पर बोलते हुए औजला ने कहा कि पंजाब में भाजपा का कोई मजबूत जनाधार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि अकाली-भाजपा सरकार के समय ही नशाखोरी और गैंगस्टरवाद बढ़ा था। औजला का कहना था, "कैप्टन अमरिंदर सिंह ने भी मुख्यमंत्री रहते इसी बात को स्वीकार किया था, और अब वे एकजुट होने की बात कर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि चाहे कोई गठबंधन बने या पार्टियां अकेले चुनाव लड़ें, पंजाब में कांग्रेस की स्थिति मजबूत है। इसके अलावा, औजला ने आरोप लगाया कि लोकसभा में सरकार SIR (चुनाव सुधार) पर चर्चा करवाने से बच रही है। उन्होंने कहा कि इस वजह से वे अपने संसदीय क्षेत्र के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने में सक्षम नहीं हो पा रहे हैं।





लोकसभा में अपनी बात रखते हुए सांसद मालविंदर सिंह कंग, मनीष तिवारी और गुरजीत सिंह औजला। - समर न्यूज़

**लोकसभा में पंजाब के किसानों की मदद को लेकर गूंजा मुद्दा**

लोकसभा में आम आदमी पार्टी के सांसद मालविंदर सिंह कंग ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में आई भीषण बाढ़ ने राज्य में कई वर्षों की प्रगति को पीछे धकेल दिया है, मगर दो महीने बीत जाने पर भी केंद्र सरकार ने किसानों के लिए एक रुपये की भी सहायता जारी नहीं की है। कंग के अनुसार बाढ़ ने पंजाब भर में खेतों में खड़ी फसलों को पूरी तरह बर्बाद कर दिया और हजारों किसान कठिन परिस्थिति में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा और राजस्थान जो पंजाब से पानी की मांग करते रहे हैं। इस संकट के समय पंजाब के साथ एकजुटता नहीं दिखा सके।

AAP सांसद ने केंद्र सरकार से 50,000 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की मांग की। उन्होंने बताया कि बाढ़ के कारण 5 लाख हेक्टेयर जमीन बर्बाद हुई और 2,500 से अधिक गांव गंभीर रूप से प्रभावित या तबाह हुए। कंग का कहना था कि इतनी बड़ी तबाही से पंजाब अकेले नहीं उभर सकता और केंद्र का सहयोग अनिवार्य है। **चंडीगढ़ के विकास और अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लोकसभा में उठाया गया**

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में चंडीगढ़ से जुड़े पाँच महत्वपूर्ण और वर्षों से लंबित मुद्दों को जोरदार तरीके से रखा। उन्होंने कहा कि यह सभी विषय सीधे तौर पर शहरवासियों के अधिकारों, संपत्ति और भविष्य से जुड़े हैं, इसलिए केंद्र सरकार को तत्काल हस्तक्षेप कर समाधान करना चाहिए।

तिवारी द्वारा उठाए गए पाँच प्रमुख मुद्दे शेयर वाइज प्रॉपर्टी बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटाने की मांग, राहत एवं पुनर्वास कॉलोनियों में रह रहे लोगों को मालिकाना हक देने का मुद्दा, चंडीगढ़ के 22 गांवों में लाल डोरा समाप्त करने का प्रस्ताव, चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड की संपत्तियों में की गई 'नीड बेस्ड चेंजेज' को नियमित करने का आग्रह, को-ऑपरेटिव और ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों से जुड़े लंबित मामलों के त्वरित निपटारे की मांग, मनीष तिवारी ने कहा कि इन मुद्दों पर निरंतर देरी से नागरिकों के जीवन, आवास, स्थानीय विकास और प्रशासनिक पारदर्शिता पर प्रतिकूल असर पड़ा है। उन्होंने केंद्र से आग्रह किया कि इन समस्याओं पर जल्द निर्णायक कदम उठाए जाएं।

# द पंजाब प्रोटेक्शन ऑफ ट्रीज एक्ट 2025 को वित्त विभाग की मंजूरी: हरपाल सिंह चीमा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब के वित्त मंत्री, एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां घोषणा की कि पंजाब के वित्त विभाग ने 'द पंजाब प्रोटेक्शन ऑफ़ ट्रीज़ एक्ट, 2025' (पंजाब वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 2025) बनाने से संबंधित वन एवं वन्यजीव संरक्षण विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

यह घोषणा करते हुए, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने एक प्रेस बयान में कहा कि यह अधिनियम शहरी हरियाली और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो पेड़ों की सुरक्षा के प्रति राज्य की विधायी प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करेगा। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि इस मसौदे में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई के लिए कड़े प्रावधान और भारी जुर्माने शामिल हैं, जिससे पर्यावरणीय क्षरण का मुकाबला करने के लिए राज्य के प्रयास और मजबूत होंगे। वित्त मंत्री चीमा ने बताया कि वित्त विभाग ने 'द पंजाब प्रोटेक्शन ऑफ़ ट्रीज़ एक्ट, 2025' के प्रस्ताव की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम न केवल शहरी हरियाली की सुरक्षा के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को औपचारिक रूप देता है, बल्कि वन विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि इसे लागू करने से राज्य के खजाने पर कोई अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा। बिल के वित्तीय पहलुओं को उजागर करते हुए, वित्त मंत्री ने बताया कि यह अधिनियम जुर्मानों के माध्यम से एक विशेष फंड स्थापित करने के लिए तैयार किया गया है। यह फंड रणनीतिक रूप से केवल शहरी क्षेत्रों में हरियाली परियोजनाओं के लिए इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे पूरे पंजाब में पर्यावरण संरक्षण और विकास के लिए एक आत्मनिर्भर प्रणाली स्थापित होगी।



हरपाल सिंह चीमा - समर न्यूज़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की पेड़ संरक्षण के लिए प्रभावी कानून बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि वित्त विभाग द्वारा इस अधिनियम को तुरंत मंजूरी देना राज्य सरकार की पर्यावरणीय और विधिक ज़िम्मेदारियों को पूरा करने की समर्पण भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि 'द पंजाब प्रोटेक्शन ऑफ़ ट्रीज़ एक्ट, 2025' अब आवश्यक विधायी प्रक्रिया से गुज़रेगा, जिससे इसे कैबिनेट और विधान सभा के समक्ष प्रस्तुत करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

# जिला परिषद व पंचायत समिति चुनाव: बीजेपी प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयुक्त से की मुलाकात

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

पंजाब में होने जा रहे ज़िला परिषद और पंचायत समिति चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को राज्य चुनाव आयुक्त राज कमल चौधरी से मिला। प्रतिनिधिमंडल में सुभाष शर्मा, संजीव वशिष्ठ, विनीत जोशी, डॉ. जगमोहन सिंह राजू और परमपाल कौर मलूका शामिल रहे।

चुनाव आयुक्त से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में बीजेपी नेताओं ने कहा कि उन्होंने आयोग से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने की मांग रखी है। पार्टी ने विशेष तौर पर आग्रह किया कि नामांकन प्रक्रिया और मतदान दोनों की पूर्ण वीडियोग्राफी करवाई जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और किसी तरह के दुरुपयोग की गुंजाइश न रहे। बीजेपी प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल के संरक्षण में प्रशासनिक स्तर पर विपक्षी उम्मीदवारों को नामांकन दाखिल करने से रोकने की कोशिशें हो रही हैं। उन्होंने दावा किया कि माजरी




संबोधित करते हुए नेता - समर न्यूज़

ब्लॉक में एक उम्मीदवार को SHO ने फोन कर नामांकन न भरने के लिए दबाव बनाया। नेताओं के मुताबिक प्रशासनिक अधिकारी विभिन्न तरीकों से बीजेपी उम्मीदवारों पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मोहाली की चुनाव प्रक्रिया पर भी सवाल, दोनों ब्लॉकों में एक साथ चुनाव कराने की मांग बैठक के दौरान पार्टी प्रतिनिधियों ने यह भी मांग रखी कि मोहाली जिले के डेराबस्सी और खरड़ में ज़िला परिषद और ब्लॉक समिति के चुनाव एक ही दिन कराए जाएं। बीजेपी नेताओं ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि वे राजनीतिक दबाव में काम न करें। उन्होंने कहा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन चुनाव प्रक्रिया में पक्षपात करने वाले अधिकारियों की भूमिका को पार्टी ध्यान से नोट कर रही है। बीजेपी ने दोहराया कि यदि चुनाव आयोग समय रहते सख्त कदम नहीं उठाता, तो नामांकन प्रक्रिया में धांधली और धमकियों की घटनाएं बढ़ सकती हैं।

# गुरदासपुर ग्रेनेड हमला: मुख्य आरोपी मोहन गिरफ्तार

## पाकिस्तानी गैंगस्टर भट्टी से था सीधा संपर्क, पंजाब पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस की कार्रवाई सफल

समर न्यूज़ | बठिंडा

गुरदासपुर में हुए ग्रेनेड हमले के मामले में पंजाब पुलिस को एक और बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। काउंटर इंटेलिजेंस बठिंडा ने गुरदासपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में इस हमले के मुख्य आरोपी मोहन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने इसकी आधिकारिक पुष्टि करते हुए बताया कि यह गिरफ्तारी मामले के लिए बेहद अहम है, क्योंकि मोहन सिंह हमले की योजना, तैयारी और क्रियान्वयन से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ था। आरोपी की पहचान रामूवाल थाना भगता भाईका, जिला बठिंडा निवासी मोहन सिंह के रूप में हुई है।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि मोहन सिंह पाकिस्तान में बैठे कुख्यात ISI-समर्थित गैंगस्टर शहज़ाद भट्टी के संपर्क में था। बताया जा रहा है कि शहज़ाद भट्टी ने ही पंजाब में दहशत फैलाने के उद्देश्य से इस ग्रेनेड हमले की योजना तैयार की थी और उसी के निर्देश पर आरोपी मोहन सिंह और उसके साथियों ने इस घटना को अंजाम देने की कोशिश की।



पकड़ा गया आरोपी पुलिस टीम के साथ। - समर न्यूज़

इसके साथ ही पुलिस को इस बात के भी पुख्ता सबूत मिले हैं कि आरोपी को न केवल हमले की साजिश रचने के लिए बल्कि हमले में इस्तेमाल किए गए हथियार और ग्रेनेड उपलब्ध करवाने के लिए भी विदेशी नेटवर्क से ही निर्देश प्राप्त हो रहे थे। इस नेटवर्क का उद्देश्य पंजाब में शांति-व्यवस्था बिगाड़ना और लोगों में डर का माहौल पैदा करना था। गुरदासपुर ग्रेनेड हमले में अब तक कुल पाँच आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारियों की यह श्रृंखला आगे भी जारी रह सकती है, क्योंकि कई अन्य संदिग्धों पर भी एजेंसियों की निगाह बनी हुई है। काउंटर इंटेलिजेंस और गुरदासपुर पुलिस की टीम हमले से जुड़े सभी तारों को जोड़ने के लिए विभिन्न जिलों में छापेमारी कर रही है।

एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, "यह सिर्फ एक हमले का मामला नहीं है, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को खत्म करने का प्रयास है, जिसमें पंजाब को अस्थिर करने की बड़ी साजिश जैसी बातें सामने आ रही हैं।

# ओवरलोड ट्रक दो गाड़ियों पर पलटा, एक की मौत, दो घायल

## ट्रक का पहिया टूटने से खोया नियंत्रण

समर न्यूज़ | पटियाला

पटियाला-समाना-पातड़ां रोड पर ककराला गांव के नजदीक बीती रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक ओवरलोड ट्रक अचानक पलटकर दो गाड़ियों पर जा गिरा। तेज रफ्तार ट्रक का पहिया टूटने से चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा रही दो गाड़ियों को अपनी चपेट में लेता हुआ उलट गया। हादसे में एक 60 वर्षीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मृतक की पहचान पातड़ां के पास स्थित दुगाल गांव के निवासी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने तुरंत प्रशासन और पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को कब्जे




में लेते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच के अनुसार ट्रक में अत्यधिक लोड था और पहिया टूटने के कारण ही यह हादसा हुआ। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर ओवरलोड वाहनों के कारण दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और कई बार प्रशासन को शिकायतें भी दी गई हैं। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि इस मामले में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बच्ची के साथ हुए दुर्व्यवहार मामले में आरोपी को कोर्ट में किया पेश

## पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया, जांच जारी

समर न्यूज़ | जालंधर

जलंधर में 13 साल की बच्ची के साथ हुए अत्यंत संवेदनशील मामले में पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए लगभग पांच दिन का रिमांड मांगा था, लेकिन कोर्ट ने मामले की संवेदनशीलता के कारण केवल दो दिन का रिमांड दिया। एडीसीपी हरिंदर सिंह गिल ने बताया कि पुलिस ने लंबा रिमांड मांगा था, लेकिन कोर्ट ने मामले की नाजुकता को ध्यान में रखते हुए यह कम अवधि दी है।

दो दिन के रिमांड के बाद पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई करेगी।




पीड़ित बच्ची के वकील पंकज शर्मा ने कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है और पुलिस थाने के अंदर हुई कोई भी जानकारी मीडिया में साझा करना उचित नहीं होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस ने लंबा रिमांड मांगा था लेकिन अदालत ने केवल दो दिन का रिमांड दिया है।

# बरखास्त महिला कांस्टेबल अमनदीप कौर पर भ्रष्टाचार के आरोप तय

समर न्यूज़ | बठिंडा

जिला अदालत ने पंजाब पुलिस से बरख़ास्त की गई महिला कांस्टेबल अमनदीप कौर के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप औपचारिक रूप से तय कर दिए हैं। केस की सुनवाई के दौरान अतिरिक्त जिला एवं सत्र जज सुरिंदर पाल कौर ने अगली तारीख 21 जनवरी निर्धारित की है, जब विजिलेंस ब्यूरो अमनदीप के खिलाफ अपने सबूत अदालत में प्रस्तुत करेगा। विजिलेंस ब्यूरो ने 14 नवंबर को अमनदीप के खिलाफ दूसरी चार्जशीट दायर की थी, जिससे उसके खिलाफ चल रहे बेअनुपातिक संपत्ति केस की मुकदमेबाज़ी का रास्ता साफ हो गया। सोशल मीडिया पर अपनी आलीशान जीवनशैली दिखाने के कारण अमनदीप कौर को अक्सर "थार



महिला कांस्टेबल अमनदीप कौर - समर न्यूज़

वाली कांस्टेबल" कहा जाता था। अमनदीप को इस साल 2 अप्रैल को बठिंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस का दावा है कि उसकी SUV से 17.71 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी। इसके अगले ही दिन, 3 अप्रैल को उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। बाद में 26 मई को विजिलेंस ब्यूरो ने उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# पाकिस्तान जाने वाले जत्थे के लिए एसजीपीसी ने पासपोर्ट मंगवाए

समर न्यूज़ | अमृतसर

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने खालसा साजना दिवस (वैशाखी) 2026 के अवसर पर पाकिस्तान स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन कराने के लिए भेजे जाने वाले वार्षिक जत्थे की तैयारियों की औपचारिक शुरुआत कर दी है। इस सिलसिले में एसजीपीसी ने श्रद्धालुओं से उनके पासपोर्ट 25 दिसंबर 2025 तक समिति कार्यालय में जमा कराने के निर्देश जारी किए हैं। हर वर्ष की भांति इस बार भी बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालु गुरुद्वारा श्री पंजा साहिब और पाकिस्तान स्थित अन्य प्रमुख गुरुधामों के दर्शनों के लिए उत्सुक हैं।

एसजीपीसी के सचिव प्रीतम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अप्रैल 2026 में खालसा साजना दिवस के मुख्य समारोह के अवसर पर सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान रवाना



एसजीपीसी के सचिव प्रीतम सिंह

किया जाएगा। जत्था गुरुद्वारा श्री पंजा साहिब में होने वाले केंद्रीय समागम में भाग लेगा और इसके साथ ही ननकाना साहिब, करतारपुर और अन्य ऐतिहासिक गुरुद्वारों में भी दर्शन करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि एसजीपीसीहर साल इस यात्रा का आयोजन बड़ी श्रद्धा और अनुशासन के साथ करती है ताकि देश-विदेश में बसे सिख श्रद्धालुओं को ऐतिहासिक गुरुधामों के दर्शन करने का अवसर मिल सके। इस वर्ष भी जत्थे में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने की संभावना है, इसलिए दस्तावेज़ी प्रक्रिया को समय पर पूरा करना अनिवार्य है। SGPC सचिव ने स्पष्ट किया कि जत्थे में शामिल होने के लिए इच्छुक श्रद्धालुओं को अपने पासपोर्ट जमा कराने के साथ-साथ अपने क्षेत्र के एसजीपीसी सदस्य की सिफ़ारिश भी देनी होगी। यह प्रावधान इसलिए रखा गया है ताकि केवल सत्यापित और योग्य श्रद्धालु ही जत्थे में सम्मिलित किए जा सकें। इसके अतिरिक्त, श्रद्धालुओं को पहचान के तौर पर आधार कार्ड या मतदाता कार्ड की फोटो कॉपी भी जमा करवानी होगी। एसजीपीसी ने संगत से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय सीमा से पहले अपने पासपोर्ट जमा करा दें, ताकि पाकिस्तान सरकार की वीज़ा प्रक्रिया समय पर शुरू और पूरी हो सके। SGPC के अनुसार, चूंकि अंतरराष्ट्रीय यात्रा से जुड़े कागज़ पूरे करने में समय लगता है, इसलिए देर से दस्तावेज़ जमा होने पर कई श्रद्धालुओं का आवेदन प्रभावित हो सकता है। समिति ने बताया कि गुरुद्वारा श्री पंजा साहिब में होने वाले खालसा साजना दिवस समारोह में हर वर्ष हजारों श्रद्धालु शामिल होते हैं।

पंजा साहिब, जहां गुरु नानक देव जी के चमत्कार से संबंधित ऐतिहासिक घटना मानी जाती है, सिख श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत पवित्र स्थल है। इसी कारण बड़ी संख्या में संगत इस यात्रा में भाग लेने के लिए उत्साहित रहती है। अंत में SGPC ने संदेश जारी करते हुए कहा कि खालसा साजना दिवस का पाकिस्तान स्थित पवित्र गुरुधामों में मनाया जाना अत्यंत आध्यात्मिक और भावनात्मक महत्व रखता है। इसलिए सभी श्रद्धालुओं को चाहिए कि वे समय पर दस्तावेज़ जमा कराकर यात्रा प्रक्रिया में सहयोग दें, ताकि जत्थे का गठन और वीज़ा व्यवस्था बिना किसी बाधा के पूरी की जा सके।

# भावनगर के कॉम्प्लेक्स में लगी भीषण आग

समर न्यूज़ | गुजरात

गुजरात के भावनगर में बुधवार सुबह एक बहुमंज़िला कॉम्प्लेक्स में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना के मुताबिक आग बेसमेंट में जमा कूड़े से शुरू हुई, जो तेजी से पूरी इमारत में फैल गई। इस कॉम्प्लेक्स में चार अस्पताल और कई दुकानों का संचालन होता है। धुआं ऊपर की मंज़िलों तक पहुंचते ही अस्पतालों में अफरा-तफरी मच गई और मरीजों को तुरंत बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

सबसे संवेदनशील स्थिति पहली मंज़िल के उस अस्पताल में बनी जहाँ नवजात बच्चों का वार्ड था। धुआं तेजी से बढ़ने पर अस्पताल कर्मचारियों ने खिड़की के शीशे तोड़कर नवजात शिशुओं को चादरों में लपेटकर बाहर निकाला। कई बच्चों को ड्रिप्स सहित सुरक्षित



आग की फोटो - समर न्यूज़

स्थान पर पहुँचाया गया। एक अन्य अस्पताल से भी मरीजों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया।

फायर अधिकारी प्रद्युमन सिंह ने बताया कि अब तक 19–20 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। बचाव कार्य में पाँच फायर फाइटर और 50 से अधिक कर्मचारी लगे रहे। उन्होंने कहा कि इमारत का बड़ा हिस्सा धुएं से भर गया था, लेकिन समय रहते रेस्क्यू शुरू कर देने से बड़ी दुर्घटना टल गई। नगर निगम आयुक्त एन.वी. मीणा ने पुष्टि की कि इस हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि आग के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है और कॉम्प्लेक्स में सुरक्षा मानकों की भी समीक्षा की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि सभी मरीजों को अन्य अस्पतालों में शिफ्ट कर दिया गया है और स्थिति अब नियंत्रण में है।

**शीतलहर** आईएमडी का 5 दिसंबर तक शीतलहर का अलर्ट, फसलों-स्वास्थ्य-यातायात पर दिखेगा व्यापक असर

# उत्तर भारत में ठंड की दस्तक: पंजाब-हरियाणा में पारा औसत से 5 डिग्री नीचे

समर न्यूज़ | पंजाब

उत्तर भारत में सर्दी का पहला बड़ा हमला शुरू हो गया है और पंजाब-हरियाणा समेत मैदानी इलाकों में तापमान सामान्य से काफी नीचे दर्ज किया जा रहा है। 3 दिसम्बर की सुबह ठंड अचानक बढ़ी और कई शहरों में न्यूनतम तापमान 2 से 5 डिग्री तक गिर गया। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के तेज़ प्रभाव के कारण पंजाब के चंडीगढ़, अमृतसर, पटियाला, लुधियाना जैसे प्रमुख जिलों में पारा 5 से 7 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 2–5 डिग्री कम रहा। पंजाब का फरीदकोट 2.6 डिग्री सेल्सियस के साथ मैदानों में इस वक्त देश का सबसे ठंडा स्थान बना। हरियाणा के करनाल, रोहतक, नारनौल, चंडीगढ़ और अंबाला में भी सुबह का तापमान 5–7 डिग्री के आसपास रहा, जबकि गुरुग्राम 3.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचकर राज्य का सबसे ठंडा जिला साबित हुआ। हिसार, सिरसा और भिवानी जैसे पश्चिमी क्षेत्रों में भी कड़ाके की ठंड और तेज़ हवाओं का असर साफ दिखाई दिया।

भारतीय मौसम विभाग आईएमडी ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि 3 से 5 दिसम्बर के बीच पंजाब और उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में शीतलहर की स्थिति और मजबूत होगी। मौसम विभाग के मौसमी परिदृश्य के अनुसार इस बार दिसम्बर से फरवरी तक न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने वाला है और शीतलहर के दिनों की संख्या सामान्य से 4–5 दिन बढ़ सकती है। विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और दिल्ली-एनसीआर में भी नया ठंडा चक्र सक्रिय होने की संभावना है, जिससे ठंड का असर व्यापक तौर पर देखा जाएगा। दिल्ली-एनसीआर में भी ठंड ने अचानक



रफ्तार पकड़ ली है। दो दिनों के भीतर ही तापमान में तेज गिरावट आई और राजधानी में न्यूनतम तापमान 9–10 डिग्री तक पहुंच गया। आने वाले दिनों में तापमान और नीचे जाने की आशंका है, जिससे दिल्ली की सर्दी सामान्य से पहले अपने चरम की ओर बढ़ सकती है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि जल्दी शुरू हुई सर्दी से बच्चों, बुजुर्गों और खुले में काम करने वाले मजदूरों पर स्वास्थ्य संबंधी असर अधिक पड़ेगा। ब्रोंकाइटिस, अस्थमा, न्यूमोनिया और सर्दी-जुकाम जैसे रोगों की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए विशेषज्ञों ने रात में गर्म कपड़े पहनने, सुबह-शाम बाहर निकलते समय मफलर-टोपी का उपयोग करने और जरूरी दवाइयां साथ रखने जैसे उपायों को अपनाने की सलाह दी है।

खेतों में इस मौसम परिवर्तन के मिश्रित प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। गेहूं और सरसों जैसी रबी फसलों के लिए यह ठंड बेहद लाभकारी मानी जाती है, क्योंकि कम तापमान इनके विकास को मजबूत करता है। लेकिन यदि आने वाले दिनों में लगातार कोहरा बना रहा, तो फसलों में नमी से जुड़ी बीमारियां बढ़ने का खतरा भी रहेगा। सब्जियों में झुलसा रोग, तना सड़न और पत्तों में कीट संक्रमण जैसी स्थितियां पैदा हो सकती हैं। कृषि विशेषज्ञ किसानों को सलाह दे रहे हैं कि वे खेतों में उचित जल निकासी की व्यवस्था रखें और मौसम पूर्वानुमानों पर निरंतर नजर बनाए रखें, ताकि फसलों को नुकसान से बचाया जा सके।

ठंड बढ़ने के साथ शहरों और कस्बों में बिजली की मांग भी बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। हीटर, गीजर और अन्य ताप उपकरणों के उपयोग में अचानक वृद्धि होने से पावर सप्लाई पर भार बढ़ सकता है। वहीं, घने कोहरे की शुरुआत के साथ ही सड़क और रेल यातायात पर असर नजर आने लगा है। कोहरे के कारण दृश्यता घटने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए वाहनों में फॉग लाइट का उपयोग, धीमी गति से चलना और पर्याप्त दूरी बनाए रखना बेहद जरूरी है। रेलवे विभाग ने भी आने वाली ठंड और कोहरे को देखते हुए यात्रियों को समय-समय पर अपडेट लेते रहने की सलाह दी है।

समग्र रूप से देखा जाए तो उत्तर भारत में इस बार सर्दी ने सामान्य से पहले और ज्यादा प्रभाव के साथ दस्तक दी है। तापमान में लगातार गिरावट, शीतलहर की आशंका और कोहरे की शुरुआत लोगों के लिए चुनौतियां बढ़ाने वाली है।

## Good DAY

समर न्यूज़ | लुधियाना



आपका दिन शुभ हो। हर सुबह अपने साथ नई उमंग, नई उम्मीद और नई ऊर्जा लेकर आती है। यह दिन आपके लिए खुशियों और सफलता से भरा रहे, यही मेरी कामना है। जीवन में आने वाली चुनौतियां चाहे जितनी भी कठिन क्यों न हों, आपको हमेशा हिम्मत और धैर्य के साथ उनसे लड़ना चाहिए। सकारात्मक सोच और अटूट विश्वास से आप अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। आज का दिन आपके लिए नई राहें खोलें और आपकी मेहनत सफलताओं से रंगीनी हो जाए। अपने परिवार और दोस्तों के साथ प्यार और खुशियों की भावना बनाए रखें, क्योंकि यह ही असली सुख की पहचान है। आप हर पल मुस्कुराते रहें और जीवन का आनंद लें। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि आपकी जिंदगी में हमेशा खुशहाली और शांति बनी रहे। ऐसे दिन आपके जीवन को और भी सुंदर बनाते हैं। ईश्वर आपका मार्गदर्शन करें और हर चुनौती में आपकी सहायता करें। आपका दिन मंगलमय और यादगार रहे।

**डॉ सीमा चोपड़ा**
**डायटिशियन न्यूट्रीशनिस्ट**

# सरकार जल्द लॉन्च करेगी 'भारत टैक्सी' ऐप, ड्राइवरों को मिलेगा जीरो-कमीशन प्लेटफॉर्म

**• ड्राइवरों की आय बढ़ाने और यात्रियों को सस्ती-सुरक्षित सेवा देने का दावा**

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

देशभर के वाणिज्यिक वाहन चालकों को आर्थिक रूप से अधिक सशक्त और स्वतंत्र बनाने के लिए केंद्र सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में जानकारी दी कि सरकार जल्द ही 'भारत टैक्सी' नामक राइड-हेलिंग मोबिलिटी ऐप लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। उनका कहना है कि इस ऐप का मुख्य उद्देश्य कैब और टैक्सी ड्राइवरों को निजी एग्रीगेटर कंपनियों पर निर्भरता से मुक्त कराना और अत्यधिक कमीशन कटौती पर रोक लगाना है।



**▪ भारत टैक्सी ऐप दिसंबर में पूरे देश में शुरू होने की उम्मीद...**

*अमित शाह ने बताया कि यह ऐप दिसंबर से देशभर में उपलब्ध हो सकता है। इसे MSCS अधिनियम 2002 के तहत पंजीकृत Cooperative Taxi Cooperative Ltd. द्वारा संचालित किया जाएगा। यह भारत का पहला सहकारी मॉडल पर आधारित डिजिटल राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म होगा, जिसका सीधा लाभ ड्राइवरों तक पहुंचेगा। ऐप की प्रमुख विशेषताओं में यूज़र-फ्रेंडली बुकिंग इंटरफेस, पारदर्शी किराया, लाइव वाहन ट्रैकिंग, सुरक्षित और सत्यापित ड्राइवर ऑनबोर्डिंग, मल्टी-लैंग्वेज सपोर्ट, और 24×7 ग्राहक सेवा शामिल होंगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसमें जीरो-कमीशन मॉडल लागू होगा—अर्थात् हर राइड की पूरी कमाई ड्राइवर को बिना किसी कटौती के मिलेगी। सरकार का मानना है कि यह पहल न केवल ड्राइवरों की आय बढ़ाएगी बल्कि यात्रियों को भी अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और किफायती सेवाएं उपलब्ध कराएगी। साथ ही, यह प्लेटफॉर्म देश के डिजिटल और सहकारी क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है।*

**▪ सहारा जमाकर्ताओं को अब तक 6,841.86 करोड़ रुपये की वापसी...**

*लोकसभा में अमित शाह ने यह भी बताया कि सहारा ग्रुप की सहकारी समितियों के जमा खाताधारकों को अब तक 6,841.86 करोड़ रुपये की राशि वापस की जा चुकी है, जिससे 35.44 लाख जमाकर्ताओं को लाभ मिला है। सहारा रिफंड एवं री-सबमिशन पोर्टल पर अब तक कुल 1.41 करोड़ आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 35.44 लाख आवेदकों को रिफंड जारी किया जा चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने सहारा ग्रुप की सहकारी समितियों के वास्तविक जमाकर्ताओं को भुगतान करने की समयसीमा बढ़ाते हुए अब 31 दिसंबर 2026 तक का समय दे दिया है।*

## पंजाब में स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित करने के लिए हुआ एमओयू



समर न्यूज़ | टोक्यो

जापान दौरे के दूसरे दिन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के प्रयासों से राज्य में 400 करोड़ रुपये के निवेश का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

जापान की अग्रणी कंपनी टॉपन स्पेशलिटी फिल्म्स ने पंजाब सरकार के साथ एमओयू साइन किया है, जिसके तहत राज्य में स्किल एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किया जाएगा। इस केंद्र के माध्यम से युवाओं, कामगारों और अर्ध-हुनरमंद व्यक्तियों को उद्योग-उन्मुख तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री मान ने बताया कि यह साझेदारी आधुनिक तकनीकी कौशलों को विकसित करने, उद्योग मानकों के अनुरूप प्रमाणन देने और बड़े उद्योगों में अप्रेंटिसशिप व रोजगार अवसर पैदा करने पर केंद्रित है। टॉपन स्पेशलिटी फिल्म्सने पंजाब में अपनी मौजूदा निर्माण इकाई का 400 करोड़ रुपये से विस्तार करने की भी घोषणा की है। कंपनी ने राज्य के अनुकूल निवेश वातावरण और सरकार की सहयोगी नीतियों की सराहना की।

## सड़क हादसे में दो की मौत भारतीय ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार

समर न्यूज़ | ओरेगन

अमेरिका के ओरेगन राज्य में एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवर राजिंदर कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप है कि 32 वर्षीय राजिंदर ने अपना भारी ट्रेलर हाईवे पर बिना चेतावनी खड़ा कर दिया, जिससे दोनों लेनें पूरी तरह ब्लॉक हो गईं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ट्रेलर से टकरा गई और उसमें सवार विलियम कार्टर और जैनीफर लोअर की मौके पर ही मौत हो गई। राजिंदर कुमार हादसे में सुरक्षित बच गया।



ड्राइवर राजिंदर कुमार

ड्राइवर तीन साल पहले अवैध रूप से पहुंचा था अमेरिका

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, राजिंदर कुमार 2022 में एरिज़ोना सीमा के रास्ते अवैध रूप से अमेरिका में दाखिल हुआ था, जिसके बाद बाइडेन प्रशासन ने उसे देश में रहने की अनुमति दे दी थी। बताया जा रहा है कि बाद में कैलिफोर्निया के अधिकारियों ने उसे कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस भी जारी कर दिया। अब इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट ने उसकी हिरासत के लिए नोटिस जारी कर दिया है।

**अमेरिकी अधिकारियों ने उठाए गंभीर सवाल**

अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी की सहायक सचिव ट्रिसिया मैकलॉघलिन ने कहा अवैध प्रवासियों को 18-व्हीलर ट्रक चलाने की अनुमति देने से पहले और कितनी त्रासदियाँ होंगी? उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की। ओरेगन स्टेट पुलिस ने बताया कि हाईवे पर अंधेरा था और ट्रेलर पर चेतावनी लाइटें या सिग्नल नहीं लगे थे, जिसके कारण यह हादसा हुआ। दुर्घटना की जांच के लिए हाईवे कई घंटों तक बंद रहा। राजिंदर पर क्रिमिनल नेग्लिजेंस के साथ हत्या और दूसरों को खतरे में डालने का केस दर्ज किया गया है।

पहले भी भारतीय ड्राइवरों से जुड़े हादसे

अगस्त में फ्लोरिडा में हरजिंदर सिंह के गलत U-टर्न लेने से हुए हादसे में तीन लोगों की मौत हुई थी। अक्टूबर में कैलिफ़ोर्निया में जसपनप्रीत सिंह ने कई गाड़ियों को टक्कर मारी, जिसमें तीन और लोगों की मौत हो गई। इन बढ़ते हादसों के बाद ट्रंप प्रशासन ने विदेशी ड्राइवरों के लिए सख्त जांच और वीज़ा आधारित CDL आवश्यक करने के नियम घोषित किए थे, लेकिन मजदूर संगठनों की याचिका के बाद नियम लागू नहीं हो पाए।

**17,000 अवैध CDL जारी करने का आरोप, 3000 ट्रेनिंग सेंटर बंद**

हाल ही में अमेरिकी परिवहन विभाग ने कैलिफ़ोर्निया पर 17,000 अवैध नॉन-रेज़िडेंट CDL जारी करने का आरोप लगाया और नियमों के उल्लंघन के चलते करोड़ों डॉलर की ग्रांट रोक दी।

इसके बाद DOT ने 3000 CDL प्रशिक्षण केंद्र बंद कर दिए हैं और 4000 केंद्रों को नोटिस भेजा है। यह जानकारी अमेरिकी परिवहन सचिव सीन डफी ने दी।

**• जटिल सर्जरी होंगी सुरक्षित, तेज और अधिक सफल**

## मध्यप्रदेश के सरकारी अस्पतालों में आएगा हाई-टेक रोबोटिक सर्जरी का युग

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



मध्यप्रदेश की चिकित्सा सेवाओं में जल्द ही एक बड़ा तकनीकी बदलाव देखने को मिलेगा। अब तक केवल बड़े निजी अस्पतालों तक सीमित हाई-टेक रोबोटिक सर्जरी की सुविधा जल्द ही राज्य के सरकारी अस्पतालों में भी उपलब्ध होगी। इस पहल से जटिल बीमारियों के उपचार में महत्वपूर्ण क्रांति आने की उम्मीद है।

मप्र चिकित्सा शिक्षा विभाग के अनुसार, भोपाल स्थित गांधी मेडिकल कॉलेज में किडनी और यूरोलॉजी से संबंधित रोगों के उपचार के लिए अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी यूनिट स्थापित की जा रही है। इसके माध्यम से मरीजों को जटिल सर्जरी अत्यंत सुरक्षित और उन्नत तकनीक के साथ मिलेगी।

**▪ आधी हो जाएगी इलाज में लगने वाली अवधि...**

विशेषज्ञों का दावा है कि इस तकनीक से उपचार का समय लगभग आधा हो जाएगा और सर्जरी की सफलता दर में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। जीएमसी के पुराने ट्रॉमा ब्लॉक में बन रही यह यूनिट रोबोटिक ट्रेनिंग, रिसर्च और यूरो-ऑन्कोलॉजी (कैंसर) के कठिन मामलों के समाधान का प्रमुख केंद्र बनेगी। प्रोफेसर डॉ. सौरभ का कहना है कि रोबोटिक सर्जरी वर्तमान में उपलब्ध सबसे सुरक्षित तकनीक है और भविष्य का निर्णायक मार्ग भी यही है।

**▪ एम्स में भी स्थापित होगा 'दा विंची रोबोटिक सिस्टम'...**

इसी बीच, एम्स के यूरोलॉजी विभाग में भी जल्द ही प्रसिद्ध दा विंची रोबोट प्रणाली लगाया जाएगा। यह सिस्टम देश के चुनिंदा सरकारी संस्थानों में शामिल होगा, जहां यह अत्याधुनिक तकनीक उपलब्ध है। दा विंची रोबोट का कैमरा मानव आंख से दस गुना अधिक संवेदनशील होता है और सर्जरी को थ्री-डी हाई डेफिनिशन में प्रदर्शित करता है, जिससे डॉक्टर बेहद सूक्ष्म नसों और गहराई में छिपे ट्यूमर को भी सटीकता से देख सकते हैं।

यूरोलॉजी विभाग के अनुसार, रोबोटिक सिस्टम से मरीजों को बड़े चीरे की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, ऑपरेशन में रक्तस्राव कम होगा और रिकवरी तीन से चार गुना तेज हो जाएगी। इस तकनीक के आने से किडनी ट्यूमर, कैंसर, ट्रांसप्लांट और जटिल प्रोस्टेट सर्जरी के मरीजों को अब दिल्ली, मुंबई या महंगे निजी अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना होगा। रोबोटिक सर्जरी की मदद से डॉक्टर एक मिलीमीटर से भी कम की अत्यंत सटीक मूवमेंट कर सकते हैं, जिससे त्रुटि की संभावना लगभग समाप्त हो जाती है।

## डब्ल्यूएचओ ने मोटापे के इलाज में GLP-1 थेरेपी को दी मंजूरी

**नई दिल्ली**| विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पहली बार मोटापे के दीर्घकालिक उपचार में GLP-1 थेरेपी को अपनी आधिकारिक सिफारिशों में शामिल किया है। यह निर्णय विश्वभर में मोटापे के उपचार दृष्टिकोण में एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। वर्तमान में विश्व में एक अरब से अधिक लोग मोटापे से प्रभावित हैं। डब्ल्यूएचओ कहता है कि नई सिफारिशों का उद्देश्य सुरक्षित और प्रभावी उपचार विकल्पों का दायरा बढ़ाना है, साथ ही लागत और समान पहुंच जैसी चुनौतियों को भी सामने लाना है। डब्ल्यूएचओ के नए दिशा-निर्देशों में दो प्रमुख बिंदु शामिल हैं वयस्क मोटापा रोगी, जिनमें गर्भवती महिलाएं शामिल नहीं हैं, अब दीर्घकालिक मोटापा प्रबंधन के लिए GLP-1 दवाओं का उपयोग कर सकते हैं। इस थेरेपी को संतुलित आहार और नियमित शारीरिक गतिविधि के साथ अनिवार्य रूप से जोड़ा जाना चाहिए, ताकि बेहतर और स्थायी परिणाम मिल सकें।डब्ल्यूएचओ ने स्पष्ट किया है कि मोटापा एक आजीवन रहने वाली स्वास्थ्य स्थिति है, जिसके प्रभावी प्रबंधन के लिए व्यापक देखभाल आवश्यक होती है। केवल दवाओं पर निर्भर रहकर मोटापे की वैश्विक चुनौती का समाधान संभव नहीं है।

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने निशांत की उम्रकैद रद्द की, आरोपों से बरी

समर न्यूज़ | नई दिल्ली



ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट के तहत दर्ज मामले और गिरफ्तारी के सात साल से अधिक समय बाद पूर्व ब्रह्मोस एयरोस्पेस वैज्ञानिक निशांत अग्रवाल को बड़ी राहत मिली है। बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ ने जासूसी के आरोपों में सुनाई गई उनकी उम्रकैद की सजा को सोमवार को रद्द कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष ऐसा कोई ठोस साक्ष्य पेश नहीं कर पाया जिससे यह साबित हो सके कि अग्रवाल ने राष्ट्रीय सुरक्षा, भारत की एकता या अखंडता के विरुद्ध कोई गतिविधि की थी।

अग्रवाल को 2018 में गिरफ्तार किया गया था और उन पर आरोप था कि उन्होंने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ISI को संवेदनशील तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई। पिछले वर्ष जून में नागपुर की सत्र अदालत ने उन्हें दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। अभियोजन पक्ष ने दावा किया था कि अग्रवाल के पास से कुछ महत्वपूर्ण तकनीकी दस्तावेज और डिजिटल सामग्री बरामद हुई थी, जिसे गोपनीय माना जाता है। हाई कोर्ट की खंडपीठ न्यायमूर्ति अनिल किलोर और न्यायमूर्ति प्रवीण पाटिल ने कहा कि रिकॉर्ड पर ऐसा कोई भी प्रमाण नहीं है जो यह दर्शाए कि अग्रवाल ने ऐसी कोई गतिविधि की हो जिससे राष्ट्र की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हुआ हो या समाज में आतंक फैलाने का प्रयास किया गया हो। इसी आधार पर अदालत ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत लगाए गए गंभीर आरोपों से उन्हें मुक्त कर दिया और उम्रकैद की सजा को रद्द कर दिया। हालांकि, अदालत ने अग्रवाल की लापरवाही से संबंधित दोषसिद्धि को बरकरार रखा है। ओएसए की धारा 5(1)(d) के तहत यह अपराध उस स्थिति से जुड़ा है जब कोई व्यक्ति अपने पास मौजूद संवेदनशील जानकारी की पर्याप्त सुरक्षा करने में विफल रहता है। इसी आधार पर तीन साल की सजा को वैध माना गया है। अदालत ने कहा कि अग्रवाल ने गोपनीय जानकारी की सुरक्षा को लेकर अपेक्षित सावधानी नहीं बरती, इसलिए लापरवाही का दोष स्पष्ट रूप से सिद्ध होता है।

**पेज 3 एंकर स्टोरी**


**2600 भट्ठों पर संकट, महंगाई ने आम आदमी का बोझ बढ़ाया**

# पूरे पंजाब में हजार ईंटें अब आठ हजार रुपये में मिलेंगी

सुरिंदर सिंह अंकुश | मोहाली
समर न्यूज़

पंजाब में महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है और इसका सबसे बड़ा असर अब निर्माण कार्यों पर दिखाई देने लगा है। ईंटों की कीमतें अचानक इतनी बढ़ गई हैं कि गरीब और मध्यम वर्ग के लिए घर बनाना और सिर पर छत डालना बेहद मुश्किल हो गया है। बाजार में 1000 ईंटों का भाव 8,000 रुपये तक पहुँच चुका है, जिससे आम लोगों के सपनों पर पानी फिरता दिख रहा है। विशेषकर वे लोग बेहद परेशान हैं जिनके घर हालिया बारिश के दौरान ढह गए थे और अब दोबारा निर्माण करना मुश्किल हो गया है।

पंजाब सरकार 2027 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए विकास परियोजनाओं पर जोर दे रही है। नालों को पक्का करना, पंचायतों के काम, और विभिन्न विभागों में परियोजनाएं तेजी से चल रही हैं, जिनमें ईंटों की बड़ी मात्रा में खपत हो रही है। बढ़ती मांग के कारण ईंटों के दाम कम होने की कोई संभावना नहीं दिख रही। मौसम की मार भी भट्ठा उद्योग पर भारी पड़ी है। बरसात और नमी के कारण कच्ची ईंटें खराब हो जाती हैं, जिससे उत्पादन प्रभावित होता है और बाजार में उपलब्ध ईंटों की कमी बनी रहती है।



*पंजाब–हरियाणा हाईकोर्ट ने नवंबर 2022 के एक नोटिफिकेशन पर रोक लगाते हुए ईंट भट्ठों में कम से कम 20% कोयले की जगह पराली की गोलियों का उपयोग अनिवार्य किया था। सुप्रीम कोर्ट ने अब हाईकोर्ट के इस आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि पराली की गोलियों से प्रदूषण कोयले की तुलना में काफी कम होता है। हालांकि, भट्ठा मालिकों का कहना है कि पराली से ईंटों की पकाई 10–15% कम हो जाती है, जिससे उत्पादन गुणवत्ता प्रभावित होती है। पंजाब भर में चल रहे लगभग 2600 ईंट भट्ठे इस समय गंभीर*

**सुप्रीम कोर्ट की हाईकोर्ट के आदेश पर रोक**

*आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। भट्ठा मालिकों का आरोप है कि सरकार की गलत नीतियाँ और उदासीनता उद्योग को बंद होने की कगार पर ले आई हैं। महंगा कोयला, कच्चे माल की कमी और नई 'जिग-जैग' तकनीक ने लागत को कई गुना बढ़ा दिया है। सरकार का दावा है कि पराली आधारित तकनीक भट्ठा मालिकों के लिए सस्ती और पर्यावरण के अनुकूल है, लेकिन भट्ठा मालिकों का कहना है कि पर्याप्त योजना और सहायता के बिना नई तकनीक थोपने से उद्योग और महंगा तथा अस्थिर हो गया है। बढ़ती लागत सीधे आम जनता की जेब पर असर डाल रही है। जिन परिवारों ने मरम्मत या नए घर बनाने की योजना बनाई थी, अब वे भारी कीमतों के कारण निर्माण कार्य रोकने के लिए मजबूर हैं। भट्ठा मालिकों का कहना है कि यदि सरकार ने तत्काल कोई ठोस कदम नहीं उठाए, तो पंजाब का यह पुराना उद्योग पूरी तरह ठप हो सकता है, जिससे हजारों लोग बेरोजगार हो जाएंगे और निर्माण कार्य पूरी तरह प्रभावित होगा।*

# सिरसा ग्रेनेड हमला: आरोपी धीरज ने मंदिरों पर हमले की धमकी और विदेशी भागने की साजिश कबूली

## लुधियाना के एंटी-खालिस्तानी कार्यकर्ता को मिली धमकी से खुला सिरसा धमाका केस

**समर न्यूज़ | सिरसा**

महिला थाना में 25 नवंबर की रात हुई ग्रेनेड हमले की जांच में मुख्य आरोपी धीरज ने कई गंभीर खुलासे किए हैं। जांच के दौरान आरोपी ने माना कि उसने सोशल मीडिया के माध्यम से लुधियाना के अंतरराष्ट्रीय एंटी-खालिस्तानी आतंकवादी ट्रस्ट के गुरसिमरन सिंह मंड को धमकी दी थी। इसके साथ ही राम मंदिर और जालंधर के मंदिर पर हमला करने की भी बात उसने की थी। एसआईटी और पंजाब पुलिस को शुरुआती दौर में इस धमकी की कोई जानकारी नहीं थी। बाद में दोबारा पूछताछ में धीरज ने स्वीकार किया कि लुधियाना में मंड से उसका विवाद चल रहा था और इस विवाद के चलते उसने मंदिरों पर हमले की धमकी दी।



फोटो, आरोपी धीरज और मंदिर की फाइल फोटो - समर न्यूज

जांच एजेंसियों ने अब धीरज के संपर्क और नेटवर्क की भी पड़ताल शुरू कर दी है। गुरसिमरन सिंह मंड ने अक्टूबर में हिसार एसटीएफ को जानकारी दी थी कि इंस्टाग्राम आईडी धीरू 5911 से धमकी भरे संदेश भेजे जा रहे हैं। मंड ने एसटीएफ अधिकारियों को कॉल रिकॉर्डिंग भी दी थी, जिसमें उन्होंने धीरज द्वारा की गई धमकी की बात बताई। धीरज ने मंड को ऑडियो कॉल भेजी थी, जिसमें उसने खुद के पाकिस्तान में होने की बात कही और ग्रेनेड फेंकने के बाद दुबई भागने की योजना का जिक्र किया। उसने कहा कि वह दो-तीन महीने अंडरग्राउंड रहेगा और दुबई में पुलिस उसे नहीं पकड़ पाएगी।

ग्रेनेड हमले में अन्य संदिग्ध भी जुड़े एसआईटी ने गुरुग्राम से सिजान को गिरफ्तार किया है, जो धीरज और पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के संपर्क में था। कॉल डिटेल से पता चला कि धीरज और सिजान अमृतसर जाने की योजना बना रहे थे। जांच एजेंसी यह भी पता लगा रही है कि सिजान बीच रास्ते में वापस क्यों लौटा। सिरसा में हुए हमले के तार करनाल तक भी जुड़े हैं। एसआईटी को करनाल के एक युवक के खाते से आरोपियों के खातों में ट्रांजेक्शन की जानकारी मिली है। जल्द ही करनाल में परिवार से पूछताछ की संभावना है। सिरसा में गिरफ्तारी के बाद अब बुधवार को हरियाणा के डीजीपी ओपी सिंह घटनास्थल पर आ रहे हैं। वे स्थानीय अधिकारियों से वारदात की पूरी रिपोर्ट लेंगे और आगे की कार्रवाई का जायजा लेंगे।

# संदिग्ध हालात में मिला बुज़ुर्ग महिला का शव

**समर न्यूज़ | फतेहाबाद**

शहर के बाबा बूटा बस्ती में बुधवार सुबह एक बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में हड़कंप मच गया।
सूचना पर थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।
मृतका संतरों के मुंह पर चोट के निशान मिलने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। वह लंबे समय से अपने बेटे राहुल के साथ रहती थी। परिजनों के अनुसार, दरवाजा न खुलने पर छत के रास्ते अंदर जाकर संतरों को मृत पाया गया।
बेटी रमिया ने आरोप लगाया कि राहुल नशे का आदी है और आए दिन झगड़ा करता था, इसलिए उसी पर शक है। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है।

# जींद यूनिवर्सिटी में छात्राओं से अश्लील चैट का मामला, तीन शिक्षक निलंबित

## एबीवीपी ने किया प्रदर्शन, छात्राओं ने सीएम और राज्यपाल को भेजी शिकायत

**समर न्यूज़ | जींद**

हरियाणा के जींद स्थित चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी में इंग्लिश विभाग के तीन प्रोफेसरों पर छात्राओं से यौन उत्पीड़न और अनुचित व्यवहार के गंभीर आरोप लगे हैं। एक छात्रा द्वारा वॉट्सऐप चैट शेयर किए जाने के बाद मामला सामने आया, जिसके बाद छात्रों में आक्रोश फैल गया। शिकायत के अनुसार, एक प्रोफेसर छात्रा पर दबाव बनाकर रात के समय वाट्सएप पर अश्लील बातचीत करता था। चैट में उसकी सुंदरता, पहनावे को लेकर टिप्पणियां की गईं और एक मैसेज में पूछा गया क्या आप वर्जिन हैं। इस खुलासे के बाद प्रशासन हरकत में आया और तीनों आरोपी प्रोफेसरों को त्वरित प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने मामले को लेकर यूनिवर्सिटी परिसर में प्रदर्शन किया और आरोपी प्रोफेसरों का पुतला जलाया। 27 नवंबर को इंग्लिश



प्रदर्शन करते हुए एबीवीपी के कार्यकर्ता - समर न्यूज़

विभाग की पचास से अधिक छात्राएं कुलपति रामपाल सैनी से मिली थीं जिसके बाद कार्रवाई की गई। कुलपति ने इंटरनल इंक्वायरी कमेटी का गठन कर जांच शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा यदि आरोप सही पाए गए तो ऐसे व्यक्तियों को न केवल सीआरएसयू में बल्कि पूरे देश में कहीं भी प्रोफेसर की नौकरी नहीं मिलेगी। छात्राओं द्वारा दी गई शिकायत में कई गंभीर आरोप शामिल हैं। लेक्चर और क्लास के बाहर अश्लील व अशोभनीय टिप्पणियां, छात्राओं से अनुचित निजी प्रश्न पूछना, मना करने पर अंक काटने और कार्रवाई की धमकी, एक प्रोफेसर द्वारा रात 11 बजे तक वॉट्सऐप वीडियो कॉल, तीसरे प्रोफेसर पर SC, BC, OBC समुदाय के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां। इस मामले को लेकर सीएम और राज्यपाल को भी शिकायत भेजी गई है।

# लाडो लक्ष्मी योजना की दूसरी किस्त जारी

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की दूसरी किस्त जारी कर दी। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि योजना के तहत 7,01,965 लाभार्थी महिलाओं के खातों में 2,100 रुपये डाले गए हैं। सीएम सैनी ने यह भी स्पष्ट किया कि अब इस योजना की राशि हर महीने नहीं, बल्कि तीन महीने के अंतराल पर एक साथ भेजी जाएगी।
योजना के डिजिटल पहलू पर बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडो लक्ष्मी ऐप के माध्यम से आवेदन पूरी तरह पारदर्शी और ऑनलाइन हैं। आवेदन पूर्ण होने के 24 से 48 घंटे में वेरिफिकेशन प्रक्रिया पूरी हो जाती है। पात्र महिलाओं को एसएमएस द्वारा सूचित किया जाता है और ऐप पर लाइव फोटो अपलोड करना आवश्यक होता है। आधार डेटाबेस के माध्यम से ई केवाईसी होने के बाद सेवा विभाग




फोटो, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जानकारी देते हुए - समर न्यूज़

पेंशन आईडी जारी करता है। योजना की शुरुआत 2024 विधानसभा चुनाव घोषणा-पत्र में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के वादे के तहत हुई थी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मार्च 2025 में बजट भाषण में इसका औपचारिक ऐलान किया और इसके लिए 5,000 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया।
योजना सितंबर 2025 में शुरू हुई और 1 नवंबर, हरियाणा दिवस पर पहली मासिक किस्त 2,100 रुपए की डीबीटी के जरिए महिलाओं के खातों में डाली गई थी। इस बीच, 9,55,200 महिलाओं ने आवेदन किया, जिनमें से 7,01,965 महिलाएं पात्र पाई गईं। 5,58,346 महिलाओं ने अपना आधार केवाईसी पूरा किया, जबकि 1,43,619 महिलाओं का वेरिफिकेशन अभी लंबित है। मुख्यमंत्री ने सभी पात्र महिलाओं को बधाई दी और कहा कि सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए जो संकल्प लिए हैं, उन्हें तेजी से पूरा किया जा रहा है।

# गौरव गौतम बोले, कानून अपना काम कर रहा है

**सुन्दर कुंडू | पलवल**
**समर न्यूज़**

हरियाणा के खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि उनके और पूर्व मंत्री करण दलाल से जुड़े मामले में हाई कोर्ट द्वारा याचिका खारिज होना सामान्य कानूनी प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पलवल को कांग्रेस के झूठे मुकदमों से मुक्त कराने का वादा पूरा किया है, जिसके कारण कांग्रेस अब बेबुनियाद बयानबाजी कर रही है। गौतम ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राम बैसला को हसनपुर मार्केट कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया है। क्षेत्रवासियों ने उनका पगड़ी बांधकर स्वागत किया। उन्होंने गुर्जर धर्मशाला निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की घोषणा भी की।

# पुलिस जवानों को चाहिए सम्मान और अपनापन: डीजीपी

## ओपी सिंह बोले, पुलिस जवान दिन रात अपराधियों से जूझते हैं

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा के डीजीपी ओपी सिंह ने राज्य के पुलिसकर्मियों के लिए दिल को छू लेने वाला संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था संभालते हुए पुलिस जवान दिन रात अपराधियों से जूझते हैं, थकान, जोखिम और अकेलेपन का सामना करते हैं। ऐसे में जनता से मिलने वाला सम्मान, अपनापन और भरोसा उनके लिए किसी जादू की झप्पी से कम नहीं होता। डीजीपी ओपी सिंह ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि समय कभी किसी के लिए नहीं रुकता और व्यक्ति की पहचान उसके कार्यों से होती है। कठिन परिस्थितियों से निकलकर करियर बनाने के कारण उन्होंने हमेशा समाधान और सकारात्मक बदलाव को प्राथमिकता दी है।



डीजीपी ओपी सिंह की फाइल फोटो - समर न्यूज़

उन्होंने बताया कि जहां भी काम किया चाहे खेल विभाग हो या पुलिस उनका उद्देश्य हमेशा लोगों को राहत देना, युवाओं को अवसर देना और व्यवस्था में विश्वास बढ़ाना रहा। ओपी सिंह ने याद किया कि खेल विभाग में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बच्चों, दिव्यांग खिलाड़ियों और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के युवाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की थीं, ताकि समाज में उत्साह और ऊर्जा बढ़ सके। पुलिस में दोबारा आने के बाद उन्होंने जिलों में मैराथन और सामुदायिक कार्यक्रमों की शुरुआत कर पुलिस और जनता के बीच की दूरी कम करने पर जोर दिया। राज्य पुलिस प्रमुख बनने के बाद उन्होंने निष्पक्ष और स्पष्ट नीति अपनाई अपराधियों व ठगों पर सख्त कार्रवाई और आम जनता के प्रति पूरी संवेदनशीलता।
डीजीपी ने कहा कि पुलिस जवान बिना किसी सुरक्षा घेरे के, अकेले ही नागरिकों की सुरक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। उनके त्याग और प्रतिबद्धता को समझना बेहद जरूरी है। अपनी बात को समाप्त करते हुए ओपी सिंह ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि एक कृतज्ञ नागरिक बनें। पुलिस जवानों को सम्मान दें अपनापन दें। वे आपकी सुरक्षा के लिए अपनी जान तक दांव पर लगाते हैं। उन्हें आपकी जादू की झप्पी की सच में जरूरत है।

# गुरुग्राम में 10 करोड़ की जमीन ठगी

**समर न्यूज़ | गुरुग्राम**

पुलिस की ईओडब्ल्यू-1 शाखा ने 96 लोगों से करीब 10 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले शातिर आरोपी नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। शिकायत के अनुसार, नीतीश ने खाटूश्याम प्रॉपर्टी के नाम से भोंडसी क्षेत्र में फर्जी एग्रीमेंट दिखाकर प्लॉट बेचे और बाद में कब्जा वापस लेकर पैसे हड़प लिए। इसी तरह वह दूसरों की जमीन को अपना बताकर एक ही प्लॉट को कई लोगों को बेचता था। आरोपी की गिरफ्तारी 3 दिसंबर को रिठोज गांव से हुई।
27 वर्षीय नीतीश मूल रूप से बेगूसराय का रहने वाला है और गुरुग्राम में प्रॉपर्टी फर्म व एक स्कूल चलाता था। पुलिस के मुताबिक, वह ठगी की रकम से बिहार में जमीन खरीदता था। मामले में आगे की जांच जारी है।

# अल-फलाह यूनिवर्सिटी में नकली मरीजों की फाइलें तैयार करने का हुआ खुलासा

## मेडिकल स्टाफ पर पाकिस्तान के नारे लगाने के आरोप

**समर न्यूज़ | फरीदाबाद**

दिल्ली ब्लास्ट से जुड़े आतंकी मॉड्यूल के कथित केंद्र के रूप में फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। एक पूर्व नर्सिंग स्टाफ सदस्य ने दावा किया है कि यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज-हॉस्पिटल में प्रतिदिन 100 से 150 नकली मरीजों की फाइलें तैयार की जाती थीं। यह कार्य कथित तौर पर डॉ. मुजम्मिल शकील और सुसाइड बॉम्बर डॉ. उमर नबी के निर्देश पर किया जाता था।
पूर्व कर्मचारी ने बताया कि जिन कर्मचारियों ने फाइलें नहीं तैयार कीं, उनकी सैलरी काट दी जाती थी। उनका कहना है कि रात में काम करने वाले कश्मीरी मेडिकल स्टाफ और कुछ डॉक्टर अक्सर पाकिस्तान की प्रशंसा करते थे और कई बार मज़ाक में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे भी लगाते थे। सूत्रों के अनुसार,




अल-फलाह यूनिवर्सिटी की तस्वीर - समर न्यूज़

डॉ. शाहीन सईद अपने मित्र और दिल्ली ब्लास्ट से जुड़े डॉ. मुजम्मिल के साथ नाइट मार्केट में विस्फोटक और अन्य सामान खरीदने जाती थीं। सुरक्षा एजेंसियां अब उनके आने-जाने और सामान की खरीद का विस्तृत रिकॉर्ड जुटा रही हैं।
पूर्व नर्सिंग स्टाफ लक्ष्मण, जो 14 जुलाई 2025 को यूनिवर्सिटी में ज्वाइन हुए थे और 25 अक्टूबर को नौकरी छोड़ दी थी, ने बताया कि हर कर्मचारी को नकली फाइल बनाने का टारगेट दिया जाता था। इन फाइलों में केवल डॉक्टर के साइन के तहत मेडिकल चार्ट नोट्स बनाए जाते थे, जबकि दवाइयों का कोई वास्तविक इस्तेमाल नहीं होता था। लक्ष्मण ने अनुमान लगाया कि इन फाइलों का इस्तेमाल बाहरी फंड जुटाने के लिए किया जाता था।
कश्मीरियों के समर्थन में नारेबाजी
लक्ष्मण ने आरोप लगाया कि रात में ड्यूटी करने वाले कश्मीरी स्टाफ और डॉक्टर अक्सर पाकिस्तान की तारीफ करते थे और जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना के कथित उत्पीड़न पर चर्चा करते थे। यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे छात्रों के अभिभावकों ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, मानव संसाधन मंत्री, हरियाणा सीएम, स्वास्थ्य मंत्री, DMER और NMC को ईमेल के माध्यम से शिकायत भेजी है। अभिभावकों का कहना है कि सरकार एक हाई-लेवल कमेटी गठित करे, जिसमें स्वास्थ्य विभाग, एमएमसी और विशेषज्ञ शामिल हों, ताकि छात्रों की पढ़ाई, प्रैक्टिस और इंटर्नशिप पर कोई नकारात्मक असर न पड़े। एक अभिभावक ने कहा कि यूनिवर्सिटी का आतंकवाद में नाम आने के बाद उनके बच्चों पर शक की नजर पड़ रही है, जिससे उनकी पढ़ाई और मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। अभिभावकों की मांग है कि इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई हो और छात्रों के भविष्य को सुरक्षित किया जाए।

# करनाल में अनियंत्रित ट्रक ने ली चार की जान



फोटो, सड़क हादसे में घायल क्षतिग्रस्त कार और ट्रक - समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | करनाल**

राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर घरौंडा के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने डिवाइडर फांदकर दूसरी लेन में प्रवेश किया और सामने से आ रही पंजाब रोडवेज बस, कार और बाइक से टकरा गया। इस दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सुबह लगभग पौने आठ बजे हुआ। ट्रक दूसरी लेन में टकराने के बाद ग्रिल तोड़कर सर्विस लेन तक जा पहुंचा। हादसे में घायल ट्रक चालक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना स्थल पर सूचना मिलते ही पुलिस और एनएचएआई की टीम तुरंत पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। मृतकों में बाइक सवार कोहंड निवासी संजीव और घरौंडा निवासी विशाल शामिल हैं जो क्रीड़ा विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर थे। साथ ही कार सवार अलीगढ़ निवासी दो अन्य युवकों की भी मौत हुई जिनकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और ट्रक चालक से पूछताछ जारी है। इस हादसे ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही कुछ समय के लिए बाधित कर दी थी।

# 1.17 करोड़ की बोली रद्द, अब दोबारा होगी नीलामी

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़।**

परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा है कि हाल ही में एचआर 88 बी 8888 फैंसी नंबर की ऑनलाइन नीलामी में 1 करोड़ 17 लाख रुपये की बोली लगाने वाले व्यक्ति की संपत्ति और आय की जांच करवाई जाएगी। मंत्री ने स्पष्ट किया कि बोली लगाने के बाद राशि जमा न करवाने पर उस व्यक्ति की सुरक्षा राशि जब्त कर ली गई है और अब उसकी आर्थिक क्षमता की पुष्टि करना जरूरी हो गया है। विज ने बताया कि राज्य में फैंसी व वीवीआईपी नंबरों का आवंटन नीलामी प्रणाली के तहत किया जाता है। कई लोग प्रतिष्ठा के लिए ऊंची बोली लगाते हैं, जिससे सरकार के राजस्व में बढ़ोतरी होती है। लेकिन कुछ लोग बिना आर्थिक क्षमता के महज दिखावे के लिए बोली लगा देते हैं, जिससे नीलामी प्रक्रिया प्रभावित होती है। परिवहन



मीडिया को जानकारी देते हुए मंत्री अनिल विज - समर न्यूज़

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बोली लगाने वाले व्यक्ति की संपत्ति, आय के स्रोत और भुगतान क्षमता की विस्तृत जांच की जाए। चरखी दादरी के बाढड़ा उपमंडल के HR88B8888 नंबर के लिए हाल ही में ऑनलाइन नीलामी हुई थी। नीलामी में हिसार निवासी एक व्यक्ति ने 1 करोड़ 17 लाख रुपये की सर्वोच्च बोली लगाई थी। उसने 11 हजार रुपये की सुरक्षा राशि जमा कराई थी, लेकिन अंतिम दिन पूरी राशि जमा नहीं कराई।

**जानकारी** पत्रिका में विधायकों और सांसदों की जानकारी है उपलब्ध

# हरियाणा विधानसभा ने लॉन्च की पत्रिका सदन संदेश, अब जनता जान सकेगी हर निर्णय

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा विधानसभा की नई पत्रिका सदन संदेश का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती संवाद और पारदर्शिता पर निर्भर करती है और जनता का विश्वास बनाए रखना सभी जनप्रतिनिधियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनावों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका असली मापदंड जनता के विश्वास और उनके प्रतिनिधियों के बीच चल रहे संवाद में निहित है। उन्होंने कहा कि हर चर्चा हर बहस और हर निर्णय का सीधे नागरिकों के जीवन से संबंध है। सैनी ने कहा कि विधायी कार्यों में शोध और अध्ययन पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है। जनप्रतिनिधियों को नीतियों को समझकर ठोस समाधान प्रस्तुत करने




पत्रिका सदन संदेश लॉन्च करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य मंत्री - समर न्यूज़

होंगे ताकि विकास की गति तेज हो सके और विकसित भारत का लक्ष्य पूरा हो सके। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बताया कि सदन संदेश में बीते एक वर्ष के विधानसभा सत्रों की विस्तृत समीक्षा, सभी विधायकों और सांसदों की संपूर्ण जानकारी और विधायी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी शामिल है। इसका उद्देश्य आमजन को सदन की कार्यवाही की सटीक और विधिवत जानकारी उपलब्ध कराना है। पत्रिका न केवल सूचनाप्रद और रोचक है, बल्कि यह जनता में विधायी कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी मदद करेगी। हरियाणा विधानसभा ने यह सुनिश्चित किया है कि यह पत्रिका नियमित अंतराल पर प्रकाशित होती रहे, ताकि नागरिक सदन की गतिविधियों और निर्णयों से हमेशा अपडेट रहें।

# बीडीपीओ कार्यालय में सीएम फ्लाइंग की रेड

## छह कर्मचारी गैरहाजिर मिले, सीईओ पोर्टल पर 46 शिकायतें लंबित पाई गई

**सुन्दर कुंडू | पलवल**
**समर न्यूज़**

सीएम फ्लाइंग टीम ने पलवल जिले के हथीन उपमंडल स्थित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय में तैनात 12 कर्मचारियों में से छह गैरहाजिर मिले, जबकि चार कर्मचारी देरी से पहुंचे।
निरीक्षण में संबंधित कार्यों में भी कई अनियमितताएं मिलीं। सीएम फ्लाइंग टीम में तैनात सतबीर ने बताया कि उन्हें हथीन बीडीपीओ कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के समय पर कार्यालय न आने की सूचना मिल रही थी। इससे आम लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। सूचना के आधार पर डीएसपी शाकिर हुसैन ने एक टीम गठित की। पंचायती राज खंड पलवल के एसडीओ अरशद को ड्यूटी



फोटो, बीडीपीओ कार्यालय की जांच करते अधिकारी - समर न्यूज़

मजिस्ट्रेट नियुक्त कर मंगलवार सुबह यह औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय, 12 में से केवल 6 कर्मचारी ही कार्यालय में उपस्थित मिले।
चार कर्मचारी देरी से पहुंचे। वहीं बीडीपीओ हथीन जितेंद्र कुमार के पास सोनीपत के मुंडलान ब्लॉक का भी अतिरिक्त कार्यभार है, जिसके कारण बीडीपीओ भी सोनीपत गए हुए थे।
इसके अतिरिक्त एसडीओ पंचायती राज कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया जहां नौ अधिकारी व कर्मचारियों में से केवल एक ही उपस्थित मिला। अन्य सभी कर्मचारी विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का दौरा करने गए हुए थे।
सीएम फ्लाइंग टीम ने बीडीपीओ कार्यालय में सीएम विंडो और अन्य शिकायतों के रिकॉर्ड की भी जांच की। जांच के दौरान, सामान्य शिकायतों का कोई रजिस्टर नहीं पाया गया।
सीएम फ्लाइंग ने इस निरीक्षण की रिपोर्ट तैयार कर आगे की कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों के पास भेज दी है। सीईओ पोर्टल पर 46 शिकायतें लंबित पाई गई। वैंगी योजना के तहत 11 कार्यों में से 6 कार्य अभी शुरू ही नहीं होने पाए। जांच के दौरान गांवों में किये जा रहे विकास कार्यों के बारे में रिकॉर्ड प्राप्त किया गया। जिसका अवलोकन गांवों में जाकर करने के बाद रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

# गुर्जर धर्मशाला निर्माण जल्द

**समर न्यूज़ | पलवल**

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा राम बैसला को हसनपुर मार्केट कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। गुर्जर बाहुल्य क्षेत्र के लोगों ने बैसला का स्वागत किया। मंत्री ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से लंबित गुर्जर धर्मशाला निर्माण का कार्य जल्द शुरू होगा और धनराशि अलॉट कराने के लिए मुख्यमंत्री से बात की जाएगी।
विधानसभा चुनावों को लेकर हाई कोर्ट में खारिज हुई अपनी याचिका पर उन्होंने कहा कि यह सामान्य कानूनी प्रक्रिया है और कानून अपना काम करेगा।
कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने पलवल को झूठे मुकदमों से मुक्त कराया है। दो खिलाड़ियों की मौत पर उन्होंने दुख जताया और सभी स्टेडियमों की सुरक्षा जांच के आदेश दिए।

# हिमाचल में एचआरटीसी के 435 रूट होंगे बंद, निजी बसों को मिलेगा मौका

**राहूल। धर्मशाला**
**समर न्यूज़**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य परिवहन निगम के लगातार बढ़ते घाटे को देखते हुए बड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया है। सरकार अब एचआरटीसी के कुल 435 ऐसे रूट बंद करने जा रही है, जहां यात्री संख्या बेहद कम है और बसों का संचालन निरंतर नुकसान में चल रहा था। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विधानसभा में जानकारी देते हुए बताया कि निगम पर वित्तीय दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है और वर्तमान स्थिति काफी चिंताजनक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एचआरटीसी को हर महीने करीब 70 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। वार्षिक घाटा 840 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, जबकि निगम पर कुल बकाया घाटा 2200 करोड़ रुपये से भी अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर साल लगभग 780 करोड़ रुपये अनुदान के रूप में दे रही है, लेकिन इसके बावजूद



राज्य परिवहन निगम की बस - समर न्यूज़

एचआरटीसी की वित्तीय स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हो रहा। इसी स्थिति को देखते हुए सरकार ने फैसला लिया है कि उन रूटों पर, जहां बसें खाली चल रही हैं या यात्रियों की संख्या बहुत कम है, उन्हें अब एचआरटीसी से हटाकर निजी ऑपरेटरों को दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि केवल अध्यादेशित और नुकसानदायक रूट ही बंद किए जा रहे हैं, ताकि एचआरटीसी को स्थिर किया जा सके।

**निजी बसों को मिलेगा मौका, छात्रों के लिए नई पास पॉलिसी तैयार**

सरकार अब इन रूटों पर निजी बसों को अनुमति देने जा रही है और साथ ही विद्यार्थियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए नई पास पॉलिसी भी लाई जाएगी। इसके तहत छात्रों के स्मार्ट कार्ड तैयार किए जाएंगे। इन कार्डों की मदद से यह पता चल सकेगा कि किन रूटों पर वास्तविक रूप से कितने विद्यार्थी यात्रा कर रहे हैं और उन्हें किस प्रकार की रियायत दी जा सकती है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बताया कि कंधर–बागा बस सेवा को फिलहाल चंडीगढ़ तक ही चलाया जाएगा, क्योंकि दिल्ली तक यह सेवा लगातार घाटे में रही। इसी तरह बिलासपुर–कंदरौर–हरलोग–जाहू रूट पर HRTC सेवा बंद कर दी गई है और इसकी जगह निजी बसें चल रही हैं। शिमला और परवाणु डिपो से अतिरिक्त बसों को सुंदरनगर भेजने की भी योजना है। वहीं, गद्दीधार–करसोग रूट को अभी बहाल नहीं किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि 2016 से 2021 तक रिटायर हुए होमगार्ड कर्मियों का एरियर राज्य की वित्तीय स्थिति सुधरने पर दिया जाएगा। 70 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनभोगी होमगार्ड को यह भुगतान इस वित्तीय वर्ष के अंत तक मिलने की उम्मीद है। उन्होंने केंद्र से मदद न मिलने पर चिंता जताते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने स्तर पर वित्तीय सुधार की दिशा में काम कर रही है।

## हंस फाउंडेशन का हृदय प्रोजेक्ट बदलेगा पंद्रह गांव की तस्वीर



एसडीएम चुराह राजेश कुमार जरियाल - समर न्यूज़

**मंजूर पठान । चंबा**
**समर न्यूज़**

चंबा जिले के चुराह उपमंडल में हंस फाउंडेशन ने ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के उद्देश्य से 'हृदय' नामक विशेष प्रोजेक्ट की शुरुआत कर दी है। भजरडू में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम चुराह राजेश कुमार जरियाल की अगुवाई में इसकी औपचारिक लॉन्चिंग हुई। कार्यक्रम में पंद्रह चयनित गांवों के बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। बताया गया कि काफी समय से इन गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा की गुणवत्ता और लोगों की जीवनशैली में सुधार लाने को लेकर विस्तृत सर्वेक्षण किया जा रहा था। सर्वे के आधार पर यह पाया गया कि मूलभूत सेवाओं की कमी, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता का अभाव और शिक्षा के स्तर में सुधार की आवश्यकता है।

# आपदा प्रभावितों को मिलेगा 7 लाख मुआवजा, धारा 118 में नहीं होगा बदलाव - सीएम सुक्खू

**राहुल | धर्मशाला**
**समर न्यूज़**

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पांचवें दिन सदन की कार्यवाही समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। इसके बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने आपदा राहत, भूमि कानून और स्वास्थ्य सेवाओं सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार की स्पष्ट स्थिति सामने रखी। मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि सदन में विस्तृत चर्चा के बाद ही नीतियां तैयार की जाती हैं और सरकार यह सुनिश्चित करती है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को नीति के अनुसार पूरा लाभ मिले। उन्होंने आश्वस्त किया कि आपदा में जिन लोगों के आवास क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें बिना किसी कटौती के पूरे 7 लाख रुपये का मुआवज़ा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर बेहद संवेदनशील है और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। धारा 118 को लेकर विपक्ष द्वारा उठाई जा रही शंकाओं पर



शीतकालीन सत्र के बाद जनता की समस्याएं सुनते सुक्खु - समर न्यूज़


सीएम सुक्खू ने स्थिति साफ करते हुए कहा कि इस कानून में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि आज सदन में जो विधेयक पेश किया गया है, वह केवल उन लोगों की सुविधा के लिए लाया गया है जिन्होंने जमीन खरीदने के बाद पांच साल की अवधि में 70 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया है लेकिन व्यावहारिक कारणों से पूरा काम समय पर नहीं कर पाए। मौजूदा नियमों में पांच साल बाद किसी प्रकार का एक्सटेंशन देने का प्रावधान नहीं था, इसलिए सरकार ने ऐसा तंत्र बनाने का निर्णय लिया है जिससे जरूरत पड़ने पर एक साल की अतिरिक्त अवधि दी जा सके। उन्होंने कहा कि यह प्रावधान लोगों की सहूलियत और व्यावहारिक समस्याओं को देखते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ लाया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कई सकारात्मक बदलाव आए हैं और डॉक्टर तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी स्वयं इसकी पुष्टि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य प्रणाली को और मजबूत बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।

# शिमला आइस स्केटिंग रिंक में सफल ट्रायल, आज से शुरू होंगे मॉर्निंग सेशन

**संजू । शिमला**
**समर न्यूज़**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला स्थित ऐतिहासिक लक्कड़ बाजार आइस स्केटिंग रिंक में स्केटिंग प्रेमियों के लिए खुशखबरी है। बुधवार सुबह प्राकृतिक बर्फ पर स्केटिंग का सफल ट्रायल आयोजित किया गया, जिसके बाद गुरुवार से नियमित सुबह के स्केटिंग सेशन शुरू करने की घोषणा कर दी गई है। मौसम के अनुकूल बने रहने के कारण इस वर्ष स्केटिंग गतिविधियां सामान्य समय से लगभग एक सप्ताह पहले शुरू हो रही हैं। क्लब से जुड़े सदस्यों का मानना है कि इस बार पूरे सीज़न में अधिक सेशन होने की उम्मीद है। पिछले वर्ष मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के चलते मात्र करीब 35 सेशन ही हो पाए थे।

बुधवार सुबह करीब सवा आठ बजे स्केटिंग क्लब के सदस्य ट्रायल के लिए



आइस स्केटिंग रिंक का सफल ट्रायल - समर न्यूज़

मैदान में पहुंचे और बर्फ की गुणवत्ता की जांच की। उनके साथ विभिन्न राज्यों से आए पर्यटक भी मौजूद रहे, जिन्होंने प्राकृतिक बर्फ पर स्केटिंग का रोमांच महसूस किया। क्लब द्वारा सोमवार से बर्फ जमाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई थी और लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा था।

सप्ताह भर की इस तैयारी का नतीजा आज सफल ट्रायल के रूप में सामने आया।शिमला आइस स्केटिंग क्लब के प्रधान मनप्रीत सिंह ने बताया कि बुधवार का ट्रायल काफी बेहतर रहा और बर्फ की गुणवत्ता से वे संतुष्ट हैं। गुरुवार से सुबह का नियमित सेशन शुरू कर दिया जाएगा।

# मंडी शहर को जोड़ने वाली जरली-पुलघराट सड़क बदहाल, उड़ती धूल से लोग परेशान

**धर्मवीर । मंडी**
**समर न्यूज़**

फोरलेन बनने के बाद मंडी शहर को जोड़ने वाली जरली से पुलघराट तक की लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क पूरी तरह से बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी है। शहर से फोरलेन पर आवागमन करने वाले अधिकांश लोग इसी सड़क का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन लंबे समय से इस मार्ग की सुध नहीं ली गई। भारी ट्रैफिक के कारण सड़क पर पड़े गड्ढे और भी गहरे होते गए, जिनमें अस्थायी रूप से मिट्टी डालकर सुधार करने की कोशिश की गई थी। अब यही मिट्टी स्थानीय लोगों के लिए नई मुसीबत बन गई है।

स्थानीय निवासी सुनीता देवी, धनी देवी और पवनलता ने बताया कि सड़क पर वाहनों की आवाजाही के दौरान इतनी धूल उड़ती है कि बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। घरों में



जरली–पुलघराट की बदहाल सड़के - समर न्यूज़

दिन में कई बार सफाई करनी पड़ रही है और कपड़े बाहर सूखने के लिए डालना भी असंभव हो गया है। लोगों का कहना है कि सड़क से निकलने वाली धूल ने उनका जीवन दूभर कर दिया है। थोड़ी देर बाहर खड़े होने पर चेहरा तक पहचान में नहीं आता। वाहन चालकों को भी दृश्यता कम होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सरकार और लोक निर्माण विभाग से मांग उठाई है कि सड़क को जल्द पक्का किया जाए और जब तक स्थायी मरम्मत नहीं होती, तब तक नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई न हुई तो वे ट्रैफिक रोककर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

उधर, लोक निर्माण विभाग नेरचौक के अधिशासी अभियंता डीआर चौहान ने बताया कि सड़क की अस्थायी टारिंग के लिए 25 लाख रुपये का बजट मंजूर हो चुका है और जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी करके मार्च–अप्रैल तक यह कार्य पूरा कर दिया जाएगा। साथ ही सड़क की स्थायी मुरम्मत और चौड़ीकरण के लिए 6 करोड़ रुपये की डीपीआर सरकार को भेज दी गई है। मंजूरी मिलते ही इसे पूरी तरह से पक्का बनाया जाएगा।

## राजस्व कार्यों में देरी बर्दाश्त नहीं: उपायुक्त अनुपम कश्यप सख्त



उपायुक्त अनुपम कश्यप ने ठियोग उपमंडल अधिकारियों और फील्ड स्टाफ के साथ - समर न्यूज़

**संजू । शिमला**
**समर न्यूज़**

शिमला जिले में राजस्व कार्यों को तेज और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त अनुपम कश्यप ने ठियोग उपमंडल में राजस्व विभाग के अधिकारियों और फील्ड स्टाफ के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि अब प्रत्येक उपमंडल में पटवारियों और फील्ड कर्मचारियों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाएंगी ताकि जनहित से जुड़े राजस्व मामलों को समयबद्ध तरीके से निपटाया जा सके।

भूमिहीन व्यक्तियों के आवेदन पटवारियों तक नहीं पहुंच रहे हैं, जबकि कई आवेदन सीधे उपायुक्त कार्यालय में प्राप्त हो रहे हैं।

# विधानसभा में गूंजी भेड़पालकों की आवाज: डॉ. जनक राज ने उठाया चारागाह, चोरी और दवाइयों की कमी का मुद्दा

**राहूल | धर्मशाला**
**समर न्यूज़**

तपोवन में चल रहे शीतकालीन सत्र के पांचवें दिन भरमौर से भाजपा विधायक डॉ. जनक राज ने शून्यकाल के दौरान भेड़पालक समुदाय की गंभीर समस्याओं को जोरदार तरीके से सदन के सामने रखा। उन्होंने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में करीब 780 परिवार पारंपरिक भेड़पालन पर निर्भर हैं, लेकिन वर्तमान में यह व्यवसाय अभूतपूर्व संकट से जूझ रहा है।

डॉ. जनक राज ने कहा कि सर्दियों में भेड़पालकों के प्रवास (माइग्रेशन) के दौरान चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पिछले एक सप्ताह में लंज, ढक्की की धार, नूरपुर, लपियाना और रानीताल क्षेत्रों में कई बार भेड़-बकरियों की चोरी हुई है। उन्होंने बताया कि इन घटनाओं की जानकारी पुलिस व प्रशासन को समय-समय पर देने के बावजूद अब तक



डॉ. जनक राज - समर न्यूज़

कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई, जिससे पशुपालकों में भय और निराशा बढ़ रही है। उनके अनुसार, एक भेड़पालक की 15–20 भेड़ एक बार में चोरी हो जाएं तो उसकी सालभर की मेहनत पर पानी फिर जाता है। विधायक ने यह भी कहा कि पशुओं के लिए आवश्यक दवाइयों की रेट-कॉन्ट्रैक्ट प्रक्रिया समय पर पूरी न होने से भेड़पालकों को प्रवास के दौरान दवाइयाँ नहीं मिल सकीं। इससे पशुओं के स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ा है।

वन विभाग द्वारा चारागाह क्षेत्र सीमित किए जाने, बाड़बंदी और निर्माण कार्यों पर भी उन्होंने आपत्ति जताई।

# धारा 118 को कमजोर करके हिमाचल ऑन सेल के मिशन पर चली है सरकार: जयराम ठाकुर

### हमारे पास रैली की परमिशन है, सरकार उसे रोकने की कोशिश न ही करे

**समर न्यूज़ | धर्मशाला**

विधानसभा सत्र के दौरान मीडिया से बातचीत में पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने पहले दिन से ही हिमाचल ऑन सेल की नीति अपनाई हुई है। मुख्यमंत्री स्वयं कई बार ऐसे बयान दे चुके हैं, जिनसे प्रदेश के हितों से समझौता साफ दिखाई देता है। उन्होंने धारा 118 में संशोधन को उन्होंने हिमाचल की भूमि और हितों को बेचने की बड़ी साजिश करार दिया। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार के करीबी कुछ लोग धारा 118 में छूट दिलाने के नाम पर देशभर में पैसे इकट्ठे करते घूमते देखे गए हैं, जिसके सबूत मीडिया में भी सामने आ चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि सरकार ऐसा तंत्र बना रही है, जिससे बाहरी लोगों को हिमाचल में जमीन खरीदने का आसान रास्ता मिल सके। उन्होंने सवाल उठाया



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर - समर न्यूज़

कि जो नेता पिछली सरकार के समय धारा 118 में बदलाव की बात पर हाथ जलने और हाथ कटने की चेतावनियां देते थे वे अब पूरी तरह गायब हैं।

नौकरी के मुद्दे पर भी जयराम ठाकुर ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने 5 लाख सरकारी नौकरियों और छह साल वाली पक्की नौकरी का वादा कर सत्ता हासिल की, लेकिन तीन साल बाद भी सरकार यह बताने की स्थिति में नहीं है कि कितनी नौकरियां दी गईं। विपक्ष लगातार दो वर्षों से जानकारी मांग रहा है कि कितनी परीक्षाएं आयोजित हुईं और किन विभागों में कितनी भर्तियां हुईं, लेकिन सरकार हर बार यह कहते हुए बच निकलती है कि सूचना अभी एकत्र की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने अभी तक एक भी ठोस रोजगार उपलब्ध नहीं कराया और मुख्यमंत्री झूठ बोलकर अपनी कुर्सी बचाने में लगे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि जोरावर स्टेडियम में रैली की अनुमति मिल चुकी है और रैली वहीं आयोजित होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने किसी भी तरह का व्यवधान पैदा करने की कोशिश की तो भाजपा विधानसभा के भीतर भी रैली करने से पीछे नहीं हटेगी।

# शिमला सचिवालय के बाहर ब्लाइंड पर्सन एसोसिएशन का विरोध प्रदर्शन

**संजू | शिमला**
**समर न्यूज़**

हिमाचल प्रदेश सचिवालय के बाहर बुधवार को ब्लाइंड पर्सन एसोसिएशन का आंदोलन उस समय तनावपूर्ण हो गया जब संगठन के सदस्यों ने चक्का जाम करने की कोशिश की। इस दौरान जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ उनकी तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। प्रदर्शनकारियों के सड़क पर बैठकर ट्रैफिक रोकने के प्रयास को पुलिस ने विफल कर दिया, जिसके चलते धक्का-मुक्की और बहस की स्थिति बन गई।

चक्का जाम के दौरान एसोसिएशन के सदस्यों की डीएसपी अमित ठाकुर से भी कहासुनी हुई। इसी बीच डीएसपी के कुछ कथित बयान भी सामने आए हैं, जिनको लेकर विवाद खड़ा हो गया है। वहीं, एसडीएम ओशिन शर्मा का भी एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह प्रदर्शनकारियों से 'उन्हें बुद्धु न समझने' की बात करती दिख रही हैं।



ब्लाइंड पर्सन एसोसिएशन विरोध प्रदर्शन करते हुए - समर न्यूज़

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उनकी शांतिपूर्ण मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है और उनके साथ प्रशासन का व्यवहार संवेदनशील नहीं है।

आरोप यह भी लगे कि प्रदर्शन में कुछ लोग कथित तौर पर धारदार हथियार लेकर पहुंचे थे, जिससे सुरक्षा एजेंसियों ने आंदोलन को लेकर चिंता जताई है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद दिव्यांगजनों के साथ हुई इस कथित तकरार ने प्रशासन की भूमिका को कटघरे में खड़ा कर दिया है।ब्लाइंड पर्सन एसोसिएशन के सदस्य राजेश ठाकुर ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले दो साल और 40 दिनों से आंदोलन जारी है, लेकिन सरकार केवल आश्वासन दे रही है।

# धर्मशाला में 3.50 करोड़ की क्षेत्रीय प्रयोगशाला का शुभारंभ, पर्यावरण निगरानी होगी और मजबूत: सीएम

**राहूल। धर्मशाला**
**समर न्यूज़**

धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा लगभग 3.50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक क्षेत्रीय प्रयोगशाला भवन का उद्घाटन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को किया। अत्याधुनिक तकनीक और नवीनतम उपकरणों से लैस यह प्रयोगशाला प्रदेश में पर्यावरण मानकों की निगरानी और प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों को नई दिशा प्रदान करेगी।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि इस प्रयोगशाला के शुरू होने से विभिन्न जिलों से प्राप्त होने वाले नमूनों की टेस्टिंग अब अधिक तेज, वैज्ञानिक और सटीक तरीके से हो सकेगी। उन्होंने बताया कि जल, वायु और मिट्टी से जुड़े प्रदूषण की समयबद्ध जांच से पर्यावरण संरक्षण की प्रक्रिया मजबूत होगी तथा आवश्यक कार्यवाही में भी तेजी आएगी। सीएम ने कहा




क्षेत्रीय प्रयोगशाला भवन का उद्घाटन करते हुए सीएम सुक्खू - समर न्यूज़

कि पर्यावरण संरक्षण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और इसी दिशा में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सुविधाओं को निरंतर उन्नत किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बढ़ते औद्योगिक विकास और पर्यटन गतिविधियों के बीच संतुलित पर्यावरण बनाए रखना बेहद जरूरी है। नई प्रयोगशाला से प्रदूषण संबंधी डेटा अधिक विश्वसनीय होगा, जिससे नीतिगत निर्णय लेना और भी आसान होगा। कार्यक्रम में होटल एसोसिएशन मैक्लोडगंज का एक प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहा, जिसने मुख्यमंत्री से भेंट कर होटल उद्योग से जुड़े विभिन्न मुद्दे और मांगें रखीं।

प्रतिनिधियों ने पर्यटन सीजन के दौरान आने वाली चुनौतियों और जरूरी सुविधाओं पर भी ध्यान आकर्षित किया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार उनकी जायज मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी और उद्योग को सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएगी।

**बॉडीबिल्डिंग** — आइसीएन में जीते तीन गोल्ड और दो प्रो कार्ड

# सब्जी विक्रेता का बेटा सोमेश राणा बना नेचुरल बॉडीबिल्डिंग का उभरता सितारा

**धर्मवीर। मंडी**
**समर न्यूज़**

मंडी शहर के 23 वर्षीय युवा बॉडी बिल्डर सोमेश राणा ने गोवा में आयोजित आइसीएन – I Compete Natural Championship में अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए तीन गोल्ड मेडल और दो प्रो कार्ड अपने नाम किए हैं। साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले सोमेश के पिता भूप सिंह मंडी में सब्जी विक्रेता का काम करते हैं, लेकिन मेहनत और लगन के दम पर सोमेश ने नेचुरल बॉडीबिल्डिंग की दुनिया में एक नया मुकाम हासिल कर लिया है।

27 से 29 नवंबर तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में दुनिया भर से करीब 1200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में केवल



विजेता सोमेश राणा - समर न्यूज़

वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जो बिना किसी स्टेरॉयड के, पूरी तरह नेचुरल तरीके से अपनी बॉडी को तैयार करते हैं। सभी प्रतिभागियों का डोप टेस्ट किया जाता है और केवल नेचुरल एथलीट्स को ही मंच मिलता है।सोमेश ने एमेच्योर कैटेगरी में मैन फिजिक और मैन क्लासिक फिजिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीते। इसके साथ ही उन्होंने पहली बार प्रोफेशनल कैटेगरी में हिस्सा लेते हुए ओवरऑल में दूसरा और तीसरा स्थान हासिल कर दो प्रो कार्ड भी प्राप्त किए। इन प्रो कार्ड के माध्यम से अब सोमेश वर्ष 2026 तक किसी भी वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकेंगे।

करीब आठ वर्षों से नेचुरल बॉडीबिल्डिंग की ट्रेनिंग ले रहे सोमेश वर्तमान में मंडी शहर के क्लब 55 जिम में प्रेक्टिस करते हैं। जिम पहुंचने पर लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। सोमेश का कहना है कि उनका अगला लक्ष्य किसी विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में भारत के लिए मेडल जीतना है, ताकि देश और प्रदेश का नाम रोशन हो सके। साथ ही वे युवाओं को नशे और स्टेरॉयड जैसी गलत प्रवृत्तियों से दूर रहकर फिटनेस पर ध्यान देने की प्रेरणा देते हैं।क्लब 55 जिम के फाउंडर अमित शर्मा और सोच फाउंडेशन के संस्थापक राजा सिंह मल्होत्रा ने सोमेश की उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। साथ ही प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि ऐसे प्रतिभाशाली एथलीटों को आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए।

# हमीरपुर में नशा-विरोधी मेगा वॉकथॉन का नेतृत्व करेंगे मुख्यमंत्री सुक्खू



कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते हुए आईजी विमल गुप्ता - समर न्यूज़

**अरविंद । हमीरपुर**
**समर न्यूज़**

हमीरपुर में चिट्टा जैसे नशीले पदार्थों के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू एक भव्य मेगा वॉकथॉन की अगुवाई करेंगे। शिमला और धर्मशाला में आयोजित सफल कार्यक्रमों के बाद अब मुख्यमंत्री अपने गृह जिले हमीरपुर में लोगों को नशा-विरोधी अभियान से जोड़ेंगे। यह आयोजन 16 दिसंबर को किया जाएगा, जिसकी अंतिम तिथि जल्द घोषित होगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हिमाचल प्रदेश पुलिस के आईजी विमल गुप्ता और उपायुक्त अमरजीत सिंह ने शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल बॉयज़ सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मैदान और प्रस्तावित मार्ग का निरीक्षण किया।आईजी ने बताया कि वॉकथॉन शिमला और धर्मशाला की तर्ज पर आयोजित होगा, जिसमें हजारों स्कूली बच्चों, युवाओं और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

# कुटलैहड़ की अनदेखी पर भड़के पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, बोले-सुक्खू सरकार के तीन साल पूरी तरह नाकाम

**राकेश | ऊना**
**समर न्यूज़**

पूर्व जयराम सरकार में मंत्री रहे और भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र कंवर ने बंगाणा में मीडिया से बातचीत के दौरान कुटलैहड़ क्षेत्र की लगातार हो रही उपेक्षा पर कड़ा रोष जताया। कंवर ने कहा कि उनके कार्यकाल में बंगाणा सहित पूरे कुटलैहड़ क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य करवाए गए, लेकिन सत्ता बदलते ही कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक दुर्भावना के चलते अधिकांश परियोजनाओं को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

उन्होंने बताया कि बंगाणा में सीवरेज प्रणाली का निर्माण, बंगाणा स्कूल में साइंस भवन, स्थानीय अस्पताल को सिविल अस्पताल का दर्जा, अटल कॉलेज में इंडोर स्टेडियम, ईको पार्क, बस स्टैंड निर्माण और जायका भवन जैसी कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं उनके



समय में शुरू हुई थीं। मगर सुक्खू सरकार के आने के बाद या तो इन योजनाओं को रोक दिया गया या बेहद धीमी गति से चलाया जा रहा है।

कंवर ने आरोप लगाया कि वर्तमान स्थिति चिंताजनक है। सिविल अस्पताल में स्टाफ की भारी कमी, साइंस भवन अधूरा, सीवरेज परियोजना लटकी हुई और अटल कॉलेज में छात्रों की संख्या 1200 से घटकर 400 रह गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में 'व्यवस्था परिवर्तन' का वादा किया था, लेकिन लोगों को अब पता चल रहा है कि यह परिवर्तन केवल कागज़ों तक सीमित रहा।

### -पैरी हत्याकांड में पुलिस ने जांच की तेज, गोल्डी बराड़ का ऑडियो वायरल

# पैरी के मर्डर को लाइव वीडियो कॉल के जरिए विदेश में बैठे गैंगस्टर को दिखाने का आरोप

**समर न्यूज | चंडीगढ़**

सेक्टर-26 में गैंगस्टर इंदरप्रीत सिंह उर्फ पैरी की हत्या के बाद वारदात से जुड़े सनसनीखेज दावे और आरोपों ने पूरे क्षेत्र में खौफ और तनाव बढ़ा दिया है। सोमवार शाम करीब 6.15 बजे हुई इस वारदात ने पुलिस और इंटेलिजेंस एजेंसियों को हाई अलर्ट पर ला दिया है। पैरी पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाने वाली टीम ने न सिर्फ मौके से फरार होने से पहले पूरी योजना के अनुसार काम किया, बल्कि इस मर्डर को लाइव वीडियो कॉल के जरिए विदेश में बैठे गैंगस्टर तक दिखाने का भी आरोप सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पैरी अपनी कीया कार में सेक्टर-26 की टिंबर मार्केट से गुजर रहा था। तभी सामने से आई एक कार ने उसका रास्ता रोक लिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, चारों ओर से आए बदमाशों ने उस पर गोलियां दागनी शुरू कर दीं। पैरी को सीने और कंधे पर पांच गोलियां लगीं, जिसके बाद उसे गंभीर हालत में पीजीआई ले जाया गया, जहां उसने देर शाम दम तोड़ दिया। शूटर वारदात में इस्तेमाल कार को पंचकूला में छोड़कर फरार हो गए।

हत्या के कुछ घंटे बाद सोशल मीडिया पर गैंगस्टर गोल्डी बराड़ का कथित ऑडियो वायरल होने लगा। हालांकि समर न्यूज इस ऑडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता, लेकिन इसमें बराड़ पैरी की हत्या का आरोप सीधे-सीधे लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप पर लगाता है। ऑडियो में वह खुद को परिचित कराते हुए कहता है कि इंद्रप्रीत पैरी हमारा भाई था। उसकी हत्या लॉरेंस ने करवाई है। बराड़ का दावा है कि पैरी को दोस्ती का हवाला देकर सेक्टर-26 बुलाया गया। पहले शादी की बधाई दी गई और फिर फोन कर कहा गया कि एक दोस्त से बात करनी है। जैसे ही पैरी वहां पहुंचा उसे मार दिया गया।

बराड़ ने आरोप लगाया कि पैरी के परिवार ने लॉरेंस को कठिन समय में बेटे जैसा संभाला था और पैरी की मां उसे रोटियां भेजती थीं, लेकिन उसी परिवार के बेटे को मौत के घाट उतार दिया गया। ऑडियो में बराड़ लॉरेंस को सीधी धमकी देता हुआ कहता है कि उसकी उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। उसने यह भी कहा कि वह किसी बेगुनाह को नहीं मारेगा, बल्कि सिर्फ कसूरवारों को ही निशाना बनाएगा। अपने और लॉरेंस ग्रुप के विवादों का जिक्र करते हुए उसने कहा कि सिप्पा को इसलिए मारा गया क्योंकि वह 'पुलिस का मुखबिर, ठगीबाज और पैसे खाने वाला था। बराड़ ने दावा किया कि जिस दिन सिप्पा की हत्या हुई, उसी दिन पैरी की शादी थी और उसे इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस अब इस वायरल ऑडियो को भी जांच का हिस्सा बनाने पर विचार कर रही है।



इंदरप्रीत सिंह उर्फ पैरी की फाइल फोटो -समर न्यूज

> **▪ पुलिस की जांच तेज...**
> *पुलिस अब यह भी खंगाल रही है कि पैरी की आखिरी बातचीत किससे हुई और किसने उसे सेक्टर-26 बुलाया। घटनास्थल को सील कर दिया गया है और सीसीटीवी फुटेज की मदद से हमलावरों के भागने के रूट का पता लगाया जा रहा है। इस हाई-प्रोफाइल मर्डर के बाद ट्राइसिटी में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी और भी कड़ी कर दी है।*

## फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की अनोखी मुहिम, शादी में बांटे पौधे



**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

फॉरेस्ट एंड वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन डिपार्टमेंट पंजाब के सपोर्ट से एनवायरनमेंट लिस्ट कुलतार सिंह ने अपने बेटे कुलमरीत सिंह की शादी के मौके पर एक नई परंपरा अपनाई। शादी में आए मेहमानों को इस मौसम के लिए सही पौधे बांटे। यह नई परंपरा दूसरे दिन लांडरां से चुन्नी रोड पर शुरू की गई। जानकारी देते हुए, पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट के असिस्टेंट इंजीनियर और एनवायरनमेंट लिस्ट मोहाली के इंजीनियर परमिंदर पाल ने बताया कि एनवायरनमेंट लिस्ट सतविंदर सिंह ने इस काम में बिना किसी स्वार्थ के सेवा की। उन्होंने कहा कि ऐसी एक्टिविटी आगे भी जारी रहेंगी और इसके लिए उनके कांटेक्ट नंबर 98724-01319 पर भी कांटेक्ट किया जा सकता है।

## ऑपरेशन क्लीन-अप सफल, 89 अपराधी हुए गिरफ्तार

### ड्रग्स, हथियार और चोरी पर शिकंजा

**मुकुल शर्मा | पंचकूला**
**समर न्यूज़**



पुलिस की क्राइम यूनिट्स ने नवंबर माह में ऑपरेशन क्लीन-अप के तहत संगठित अपराध पर बड़ा प्रहार करते हुए 64 मामलों में कुल 89 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें कई कुख्यात और मोस्ट वांटेड अपराधी भी शामिल हैं। डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन के मुताबिक एसीपी क्राइम व सभी क्राइम यूनिट्स लगातार फील्ड में सक्रिय रहे और चोरी, वाहन चोरी, हथियार व नशा तस्करी, स्नैचिंग, लूट और अवैध शराब तस्करी जैसे अपराधों पर विशेष फोकस रखा गया। इस अभियान में पुलिस ने 5 देसी पिस्टल, 4 देसी कट्टे, 1 देसी रिवॉल्वर, 16 जिंदा कारतूस और 1 चाकू सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद किए, जिनसे कई वारदातें टल गईं। इसके अलावा 988 ग्राम चरस, 410 ग्राम हेरोइन, 6 किलो 675 ग्राम भूक्की और 1 किलो 342 ग्राम अफीम सहित नशीला पदार्थ भी जब्त किया गया, जिसे जिले व पड़ोसी राज्यों में सप्लाई किया जाना था।

पुलिस ने 1 ऑटो, 4 ई-रिक्शा, 3 कार, 1 ट्रैक्टर और 1 बाइक समेत कई चोरीशुदा वाहन भी बरामद किए। साथ ही 5.44 लाख रुपये नकद, 462 बोतल शराब, लाखों रुपये का घरेलू सामान, करीब 8 लाख के आभूषण और 5 मोबाइल फोन भी कब्जे में लिए गए। चोरी के मामलों में बरामद सामान को पीड़ितों को लौटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस कमिश्नर शिवास कविराज ने सभी क्राइम यूनिट्स के प्रदर्शन की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि जिले में अपराध पर सख्त कार्रवाई जारी रहे और "ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन" के तहत जुआ, नशा और अवैध गतिविधियों से जुड़े हॉटस्पॉट्स पर लगातार दबिश देकर आपराधिक नेटवर्क को पनपने से रोका जाए।

# 4 से 6 दिसंबर तक मोहाली के सभी खजाना कार्यालयों में लगाया जाएगा पेंशनर सेवा मेला

### इस पहल का मकसद डिजिटल पेंशन सुविधा के लिए आसान इलेक्ट्रॉनिक पहचान सुविधा देना है

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

पंजाब सरकार के आदेश के मुताबिक, पेंशनर सेवा मेला 4 से 6 दिसंबर 2025 तक जिला साहिबजादा अजीत सिंह नगर खरड़ डेराबस्सी और मोहाली के तीनों खजाना कार्यालयों में लगाया जाएगा। इसका मकसद जिले के सभी पेंशनभोगियों को ज़रूरी इलेक्ट्रॉनिक-पहचान प्रक्रिया से जुड़ी सुविधाएं देना है, ताकि वे नए शुरू किए गए 'पेंशनभोगी सेवा पोर्टल' पर खुद को पंजीकृत करवा सकें। इस बारे में और जानकारी देते हुए साहिबजादा अजीत सिंह नगर की जिला खजाना अधिकारी रेणुका कत्याल ने बताया कि पंजाब सरकार ने 3 नवंबर, 2025 को पेंशन से जुड़ी सभी सुविधाओं के लिए एक ही जगह पर मिलने वाला डिजिटल माध्यम शुरू किया था। उन्होंने कहा कि पेंशनभोगियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक-पहचान करवाकर पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना जरूरी है। उन्होंने जिले के सभी पेंशनभोगियों से अनुरोध किया कि वे मेले के दौरान खरड़, डेराबस्सी और मोहाली के तीनों तहसील खजाना कार्यालयों में अपनी-अपनी जगहों पर पहुंचकर अपना पंजीकरण करवाएं और बिना रुकावट डिजिटल पेंशन सुविधाओं का फ़ायदा उठाएं।उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के ज़रिए शुरू में पेंशनभोगियों को छह मुख्य सुविधाएं दी जाएंगी, जो https://pensionersewa.punjab.gov.in पर उपलब्ध है। इन सुविधाओं में 'जीवन प्रमाण' मोबाइल अनुप्रयोग के ज़रिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करना, पेंशन को पारिवारिक पेंशन में बदलने के लिए आवेदन करना, अवकाश यात्रा रियायत के लिए आवेदन करना, पेंशन से जुड़ी शिकायतें दर्ज करना और पेंशनभोगियों की व्यक्तिगत जानकारी को अद्यतन बदलना शामिल है। उन्होंने कहा कि इन सेवाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया सरल और इस्तेमाल में आसान है। पेंशनभोगी इस पोर्टल पर उपलब्ध आधार सत्यापन सुविधा के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक-पहचान पूरा करके पेंशनभोगी सेवा पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के बाद, वे अपने चलभाष, संगणक या गोद वाले संगणक का उपयोग करके पोर्टल पर अपनी प्रवेश पहचान (लॉगिन आईडी) का उपयोग करके घर से इन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा इन सेवाओं का लाभ पास के सेवा केंद्रों पर जाकर, सेवा की घर पर सुपुर्दगी (1076) के लिए अनुरोध करके, संबंधित पेंशन वितरण महाजनों (बैंकों) या जिला खजाना कार्यालय में जाकर भी उठाया जा सकता है।

### आभा बंसल ने थामा भाजपा का दामन

# महिलाओं की समस्याओं को हल करने के लिए पार्टी के साथ मिलकर काम करेंगे: आभा बंसल

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

प्रसिद्ध समाजसेवी और उद्योगपति आभा बंसल ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पंजाब महिला मोर्चा की प्रधान जय इंदर कौर, भाजपा के प्रदेश कैशियर सुखविंदर सिंह गोल्डी, प्रदेश मीडिया प्रभारी विनीत जोशी और जिला मोहाली प्रधान संजीव वशिष्ट ने मिलकर आभा बंसल को सिरोपा देकर पार्टी में स्वागत किया। पार्टी नेताओं ने कहा कि मोहाली और आसपास के क्षेत्रों में पार्टी को एक नई ऊर्जा मिलेगी।

आभा बंसल पहले चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी की उप-प्रधान रह चुकी हैं। चार महीने पहले उन्होंने आप से इस्तीफा दे दिया था और तब से मोहाली में एक व्यापक संपर्क अभियान चला रही थीं। लंबे समय से समाजसेवा में सक्रिय आभा बंसल ने क्षेत्र में विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई पहलें की हैं।

इसी कारण मोहाली के महिला वोट बैंक में उनका प्रभाव काफी मजबूत माना जाता है। भाजपा में शामिल होने के बाद आभा बंसल ने कहा कि वे महिलाओं, युवाओं और आम लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए पार्टी के साथ मिलकर काम करेंगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने यह निर्णय लिया है और आने वाले समय में मोहाली में विकास कार्यों को नई गति देने का प्रयास करेंगी।

## ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत 150 ठिकाने चिन्हित

**मुकुल शर्मा | पंचकूला**
**समर न्यूज़**

डीसीपी क्राइम मनप्रीत सिंह सूदन ने मनसा देवी थाना में जिला की सभी पीसीआर, राइडर्स और ईआरवी टीमों के इन्चार्ज व कर्मचारियों के साथ मीटिंग कर ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। मीटिंग के दौरान डीसीपी क्राइम ने साफ कहा कि पुलिस बल तुरंत प्रभाव से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय होकर गश्त, वाहनों की चेकिंग तथा हॉटस्पॉट पॉइंट्स पर निगरानी बढ़ाए। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 150 हॉट स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जहां नशे का सेवन या बिक्री, जुआ-सट्टा, असामाजिक गतिविधियां और छोटे-बड़े अपराध होने की आशंका रहती है।

# समाधान शिविर में करवाएं समस्याओं का समाधान

**मुकुल शर्मा | पंचकूला**
**समर न्यूज़**

उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों में जिला के लोगों की समस्याओं का सभी अधिकारी टीम के रूप में कार्य कर जल्द से जल्द समाधान कर रहे हैं। इसलिए जिलावासियों की कम समस्याएं समाधान शिविर में आ रही हैं।

उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में सोमवार व वीरवार को कार्यदिवस के दिन सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन लगातार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं की मुख्यमंत्री स्वयं मॉनिटरिंग करते हैं और समाधान शिविर से जुडते भी हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को गंभीरता से लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त सतपाल शर्मा ने जिला के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आई जिलावासियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर व तय समय सीमा में समाधान करें। उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील समाधान शिविर में आकर अपनी समस्याएं रखकर उनका जल्द से जल्द समाधान करवाएं नागरिक।

### • शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक


# शिक्षकों की नियुक्तियों पर हुई चर्चा

**मुकुल शर्मा | पंचकूला**
**समर न्यूज़**



बैठक करने के बाद शिक्षा सदन से निकलते हुए मंत्री। -समर न्यूज़

हरियाणा के स्कूल शिक्षा एवं मौलिक शिक्षा विभाग की व्यापक समीक्षा बैठक शिक्षा सदन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने की। मंत्री ने बताया कि राज्य में आईआईटी, उच्च शिक्षा और स्पोर्ट्स एजुकेशन मॉडल को लेकर सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है और आगामी समय में उच्च शिक्षा को आधुनिक तकनीक, नई सुविधाओं और रोजगार उन्मुख पाठ्यक्रमों के साथ और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति, शिक्षकों की नियुक्तियां, आधारभूत ढांचा, ट्रांसफर ड्राइव, छात्रवृत्ति वितरण, कोर्ट केस, मेडिकल बिलों के भुगतान सहित विभाग की सभी प्रमुख योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान डीपीएससीएम के यशपाल यादव और मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष कार्याधिकारी डॉ. राज नेहरू सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में पिछली बैठक के लंबित बिंदुओं, अनुबंध आधारित नियुक्तियों, नए स्कूल भवनों के निर्माण कार्य, पीडब्ल्यूडी सत्यापन रिपोर्ट, डिजिटल स्मार्ट क्लास की प्रगति और अगले शैक्षणिक सत्र के लिए किताबों की छपाई व उपलब्धता पर भी चर्चा हुई।



जत्थेदार बाबा हनुमान सिंह जी के जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुद्वारा सिंह शहीदां सोहाना पर समाजसेवी रूपा सोहाना, पार्षद हरजीत भोलू और उनकी टीम हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा करते हुए।

**पेशकश**

### निधि ने पंजाब में बिखेरे हरियाणवी गीतों के रंग

# तेल चमेली चंदन साबुन चाहे लगा लो गीत ने खूब लूटी वाहवाही

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

हरियाणा और पंजाब की राजधानी में जब हरिणाणा की निधि देशवाल ने ठेठ हरियाणवी लहजे में लोक गीत पेश किए तो लगा वाकई यह शहर दो संस्कृतियों के अटूट बंधन का साक्षी है।

देश विदेश में हरियाणवी लोग गायन का परचम फहरा चुकीं निधि ने यहां अपनी पहली ही पेशकश से सामयीन को सुरों की डोर से ऐसा बांधा की वे पूरी हरियाणवी नाइट टस से मस नहीं हुए। हर गाने पर वे वाहवाही और तालियों की गड़गड़ाहट से कलाग्राम को गुंजाते रहे।

निधि ने जहां मैं सासरिये ना जाऊं मेरी मां से श्रोताओं, खासकर महिलाओं के दिलों को छू लिया। मेरा मन लग्या फकीरी में... पर उन्हें हर लफ्ज पर खूब दाद मिली। इसके साथ ही उन्होंने मन्ने राज भवन मैं जा लेण... दो बात करूंगा कृष्ण तै..., हे री लुगाइयों चाला होग्या... और मेरी जान का गाला होग्या... पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, तेल चमेली चंदन साबुन चाहे लगा लो... और जगत में कोई ना परमानेंट... ने जहां गुदगुदाया वहीं यथार्थ से भी वाकिफ कराया।

हरियाणवी लोक गायिका का संस्कृति को लेकर बिल्कुल स्पष्ट सिद्धांत है कि संस्कृति है तो हम हैं। हमें अपनी संस्कृति यानी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका विश्वास साफ सुथरे गानों में ही है, जिनकी उम्र लंबी होती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने गैंग, गन और ड्रग माफिया के जिक्र वाले गानों को डिलीट करवाया है। जाहिर है, साफ सुथरी संस्कृति से जुड़े गीत-संगीत का सम्मान सदैव रहेगा। लोक गायिका देशवाल कहती हैं कि तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो अब हरियाणवी गीत-संगीत मौसिकी पसंद लोगों में छाने लगे हैं, खासकर शादी-समारोहों में इनका बजना बढ़ता जा रहा है। हरियाणवी संगीत लगातार ग्रोथ कर रहा है। उन्हें भरोसा है कि अगले दस साल में यह और बुलंदियों पर होगा।



नृत्य पेश करते कलाकार। -समर न्यूज़

**▪ हरियाणवी रागिनी गायन ने रिझाया...**

*निधि के गायन से पूर्व हरियाणवी नाइट की शुरुआत राकेश भराणिया के हरियाणवी लोक गायन रागिनी से हुई। हरियाणा ही नहीं, देश-विदेश के कई कार्यक्रमों में रागिनी गाकर हरियाणा की माटी की महक फैला चुके भराणिया ने अपनी रागिनियों से लोक गायन प्रेमियों के हृदय झंकृत कर दिए। रागिनी में भराणिया का अंदाज तो शानदार था ही, लोक वाद्य यंत्रों का संगीत भी सराहनीय रहा।*

# जसजीत सिंह ने संभाला नगर निगम के संयुक्त आयुक्त का कार्यभार

**परदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

जसजीत सिंह जो कि पंजाब सिविल सेवा (पीसीएस) के अधिकारी हैं उन्होंने पंजाब सरकार के कार्मिक विभाग (आईएएस शाखा) के आदेशानुसार म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन एसएएस नगर के संयुक्त आयुक्त का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इस पद को संभालने से पहले जसजीत सिंह रूपनगर में मुख्यमंत्री के फील्ड अधिकारी के रूप में कार्यरत थे।

उन्होंने कहा कि म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन एसएएस नगर के संयुक्त आयुक्त के रूप में वह शहरी शासन को मजबूत करने, नागरिक सेवाओं को उन्नत बनाने और साहिबजादा अजीत सिंह नगर के तेज विकास को देखते हुए शहर में चल रहे विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह पद निगम के विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने और बेहतर स्वच्छता, बुनियादी ढांचे के विकास और निगम क्षेत्र में नागरिक-केंद्रित सेवाओं के लिए बनाई गई नीतियों को लागू करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।



पीसीएस जसजीत सिंह। -समर न्यूज़

# अनन्या पांडे ने शेयर किया नया लुक, कार्तिक आर्यन संग जल्द आएंगी नजर



**मुंबई** । मशहूर अभिनेत्री अनन्या पांडे जल्द ही कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में नजर आएंगी। शनिवार को उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म में अपने लुक की तस्वीरें पोस्ट कीं। अभिनेत्री अनन्या पांडे ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के टाइटल ट्रैक की शूटिंग के दौरान अपने कुछ लुक्स की तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में अनन्या अलग-अलग स्टाइलिश ड्रेस में नजर आ रही हैं। उनके बाल, मेकअप और ड्रेस भी परफेक्ट हैं। तस्वीरें पोस्ट कर उन्होंने लिखा, "फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के टाइटल ट्रैक के मेरे कुछ पसंदीदा लुक्स। क्या आपने अभी तक टाइटल ट्रैक देखा? मेरी ग्लैम और फैशन टीम को ढेर सारा प्यार।" पोस्ट शेयर करने के बाद अनन्या के इंडस्ट्री के दोस्तों और साथी कलाकारों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और कमेंट सेक्शन में प्यार और शुभकामनाओं की बौछार कर दी। कई लोगों ने हार्ट और फायर के इमोजी कमेंट किए।

अभिनेत्री उर्मिला मंतोडकर, महीप कपूर और नव्या नवेली नंदा ने फायर इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी।

बता दें कि अभिनेत्री फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में कार्तिक आर्यन के साथ 6 साल बाद वापसी कर रही हैं। इससे पहले वे साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'पति पत्नी और वो' में नजर आई थीं। समीर विद्वांस द्वारा निर्देशित फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' को करण जौहर, अदार पूनावाला, अपूर्वा मेहता और किशोर अरोड़ा मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं।

फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर रिलीज की जाएगी। अगस्त्य नंदा की 'इक्कीस' भी 25 दिसंबर को रिलीज होगी। अब देखना होगा कि दर्शक पर्दे पर रोमांस और लव स्टोरी को पसंद करते हैं या देशभक्ति से भरी कहानी को सराहते हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री लक्ष्य लालवानी के साथ फिल्म 'चांद मेरा दिल' में नजर आएंगी। यह एक लव स्टोरी है, जिसका निर्देशन विवेक सोनी ने किया है।

# यहां लोग बस आपको छोटा दिखाने की कोशिश करते हैं : ऋचा चड्ढा



**मुंबई**। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री ऋचा चड्ढा अक्सर बेबाक और बिंदास अंदाज के लिए जानी जाती हैं, लेकिन अभिनेत्री का कहना है कि वे हमेशा से ही ऐसी नहीं थीं।

उन्होंने मुंबई में आयोजित 15वें इंडियन फिल्म प्रोजेक्ट में अपने शुरुआती दिनों के बारे में बताया कि पहले वह बहुत डरपोक और समझौतावादी थीं। अभिनेत्री का कहना है कि आज भले ही लोग उन्हें आत्मविश्वासी और निडर कहते हैं, लेकिन पहले हालात बिल्कुल अलग थे।

उन्होंने बताया, "मैं हमेशा से इतनी निडर और बोल्ड नहीं थी। अपने शुरुआती दिनों में मैं बहुत सहनशील हुआ करती थी। एक दिन सेट पर खड़ी होकर मैंने खुद से पूछा, मैंने ये फिल्म कब साइन की? मैं यहां क्या कर रही हूं? ये आइटम नंबर क्यों कर रही हूं?"

उन्होंने एक किस्सा शेयर करते हुए बताया, "एक डायरेक्टर ने मुझसे कहा कि मेल कोरियोग्राफर चाहिए और तुम्हें ऐसे-वैसे करने हैं। मैं अंदर से घबरा जाती थी कि ये लोग कौन हैं? मैं क्या कर रही हूं? मुझे समझ आया कि किसी लोकल मैनेजर ने थोड़े पैसे ले लिए होंगे और मुझे लगा होगा कि शायद यही करना चाहिए। यही इंडस्ट्री का तरीका है।

अभिनेत्री ने बताया कि इस बीच इंडस्ट्री में लोग मुझे मेरे लुक्स को ठीक करने की सलाह देते थे। उन्होंने कहा, "लोग कहते, होंठ ठीक करवा लो, चेहरा ठीक करवाओ, गाना शूट करने से पहले पानी मत पीना। मैं सब मान लेती थी। मैंने अपने शरीर और दिमाग को बहुत तकलीफ दी। मैं खुद से कहती थी, मैं बेकार हूं, मैं अच्छी नहीं हूं।"

अभिनेत्री ने आखिर में कहा कि ये दुनिया है, यहां लोग बस आपको छोटा दिखाने की कोशिश करते हैं।

हाल ही में अभिनेत्री ऋचा चड्ढा और अली फजल के प्रोडक्शन हाउस पुशिंग बटन्स स्टूडियोज में बनी फिल्म 'सीक्रेट्स ऑफ अ माउंटेन सर्पेंट' का 82वें वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में वर्ल्ड प्रीमियर हुआ था।

# साउथ अफ्रीका के खिलाफ 9 दिसंबर से टी20 सीरीज

**नई दिल्ली**। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 9 दिसंबर से पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज शुरू होगी, जिसमें शुभमन गिल की फिटनेस और उपलब्धता पर सभी की निगाहें रहेंगी। बुधवार को अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली समिति रायपुर में मीटिंग करेगी, ताकि 15 सदस्यीय टीम तय की जा सके। शुभमन गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में चौका लगाने के बाद चोटिल हुए थे। गर्दन में चोट के बाद गिल सीरीज का अगला मुकाबला नहीं खेल सके। इसके बाद उन्हें वनडे सीरीज से भी बाहर बैठना



पड़ा। आईएएनएस को जानकारी मिली है कि गिल रिहैब के लिए मंगलवार को बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंच गए हैं। टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम 6 दिसंबर को एकजुट होगी, इसलिए चयनकर्ताओं को बुधवार को टीम चुननी होगी। फिलहाल, टी20 सीरीज में गिल के खेलने की संभावनाएं 50 प्रतिशत हैं।

एक सूत्र ने आईएएनएस को बताया, "हो सकता है कि गिल बल्लेबाजी आजमाएं और देखें कि आगामी सीरीज में उन्हें शामिल करने का फैसला लेने से पहले वह फिटनेस को लेकर कैसा महसूस कर रहे हैं।"

अगर शुभमन गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में नहीं खेलते, तो अभिषेक शर्मा के साथ संजू सैमसन या यशस्वी जायसवाल बतौर सलामी बल्लेबाज नजर आ सकते हैं। संजू सैमसन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में सिर्फ दो मैच खेले, जिसमें एक बार बल्लेबाजी का मौका मिला। इस दौरान उन्होंने 'नंबर 3' पर बैटिंग की। उम्मीद की जा रही है कि इस टी20 सीरीज में सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को भी शामिल किया जा सकता है। पंड्या ने मंगलवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में पंजाब के खिलाफ 1 विकेट लेने के बाद नाबाद 77 रन बनाए हैं। पंड्या की शानदार पारी के दम पर बड़ौदा ने मुकाबला 7 विकेट से जीता। पंड्या को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज 9 दिसंबर से शुरू होगी।

# आईसीसी वनडे रैंकिंग: विराट कोहली चौथे स्थान पर पहुंचे, शुभमन गिल को नुकसान



**नई दिल्ली**। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा जारी वनडे फॉर्मेट की ताजा रैंकिंग में विराट कोहली को फायदा हुआ है, जबकि इस फॉर्मेट में भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल को नुकसान हुआ है। रांची वनडे में विराट कोहली ने 120 गेंद पर 135 रन की बेहतरीन पारी खेली थी। इस पारी का विराट को फायदा हुआ है। ताजा वनडे रैंकिंग में उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है। वह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। शुभमन गिल इंजरी की वजह से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली जा रही वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। इसका नुकसान उन्हें हुआ है। गिल एक पायदान नीचे फिसल कर पांचवें स्थान पर चले गए हैं। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा मजबूती से पहले स्थान पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में अर्धशतक और तीसरे वनडे में शतक लगाने वाले रोहित ने रांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में अर्धशतक लगाया था। इस वजह से वह पहले स्थान पर मजबूती से बने हुए हैं।

दूसरे स्थान पर न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम छठे और आयरलैंड के हैरी टैक्टर सातवें स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के शाई होप आठवें, भारत के श्रेयस अय्यर नौवें और श्रीलंका के कप्तान चरिथ असालंका दसवें स्थान पर हैं।

श्रीलंका के पाथुम निसांका 1 स्थान ऊपर चढ़ते हुए 13वें और भारत के केएल राहुल 2 स्थान ऊपर चढ़ते हुए 14वें स्थान पर आ गए हैं। केएल राहुल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भारत की कप्तानी कर रहे हैं। राहुल ने रांची में खेले गए पहले वनडे में 60 रन की पारी खेली थी।

विराट कोहली के पास वनडे रैंकिंग में अपना स्थान और मजबूत करने का मौका है। दक्षिण सीरीज के आखिरी 2 वनडे में अगर उनका प्रदर्शन अच्छा रहा, तो वह रोहित शर्मा के करीब आ सकते हैं या उन्हें पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल कर सकते हैं।

# मेंस जूनियर वर्ल्ड कप 2025: भारत ने स्विट्जरलैंड को 5-0 से रौंदा



**चेन्नई**। भारतीय टीम मेंस जूनियर वर्ल्ड कप 2025 के राउंड रॉबिन लीग स्टेज में अजेय रही। इस टीम ने मंगलवार को स्विट्जरलैंड के खिलाफ 5-0 से जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां भारतीय टीम 5 दिसंबर को बेल्जियम से भिड़ेगी। इससे पिछले मुकाबलों में भारत ने चिली को 7-0 से हराने के बाद ओमान के खिलाफ 17-0 से जीत दर्ज की थी। रोहित की कप्तानी और पीआर श्रीजेश की कोचिंग में भारतीय टीम ने मुकाबले के दूसरे मिनट में ही खाता खोला। बर्थडे बॉय मनमीत सिंह ने मेजबान टीम को बढ़त दिला दी। उन्होंने 11वें मिनट में एक और शानदार फील्ड गोल करके लीड को दोगुना कर दिया। इसके बाद शारदा नंद तिवारी ने मुकाबले के 13वें मिनट में टीम का स्कोर 3-0 कर दिया।

भारतीय टीम ऐसी ही शुरुआत चाहती थी। मदुरै इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में भारतीय खिलाड़ियों ने खराब मौसम के बावजूद मैच देखने पहुंचे दर्शकों का दिल जीत लिया था। मुकाबले के 28वें मिनट अर्शदीप सिंह ने गोल दागते हुए भारत को 4-0 से आगे कर दिया। अर्शदीप ने इससे पहले ओमान के खिलाफ हैट्रिक लगाई थी। इस बीच गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने कुछ शानदार बचाव किए, जिसके चलते स्विट्जरलैंड की टीम अपना खाता नहीं खोल सकी। भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे क्वार्टर में भी लय बनाए रखी। शारदा नंद ने मुकाबले के 54वें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर के जरिए अपना दूसरा गोल दागा। इसी के साथ भारत ने 5-0 से बढ़त हासिल कर ली। इस शानदार प्रदर्शन के लिए शारदा नंद को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। मेंस जूनियर वर्ल्ड कप 2025 के अन्य मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया ने कोरिया को 3-1 से हराया, जबकि इंग्लैंड ने मलेशिया को इसी अंतर से मात दी।

# हरा धनिया : स्वाद ही नहीं, सेहत का भी सुपरहीरो

**नई दिल्ली**। दाल-सब्जी बिना धनिये के अधूरी लगती है, लेकिन कम ही लोगों को पता होगा कि हरा धनिया सिर्फ सजावट नहीं, बल्कि हमारी थाली में नेचुरल मेडिसिन है। सर्दी हो या गर्मी, हर मौसम में धनिया खाने का अपना अलग फायदा है। आयुर्वेद इसे त्रिदोष संतुलक, पाचन सुधारक और रक्त शुद्ध करने वाला पौधा मानता है। आधुनिक विज्ञान इसे माइक्रोन्यूट्रिएंट और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर सुपर हर्ब कहता है।

धनिया की छोटी-सी पत्ती में विटामिन ए, सी, के, पोटैशियम, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम और कई तरह के एंजाइम भरे होते हैं। इतना ही नहीं, एक मुट्ठी हरा धनिया एक सेब जितना एंटीऑक्सीडेंट देता है। यह शरीर की सफाई और कोशिकाओं की सुरक्षा में बेहद कारगर है। इसलिए भारतीय रसोई में इसे थाली का फ्रेश टॉनिक माना जाता है। अब सवाल है कि आखिर हर दाल-सब्जी में इसे डाला क्यों जाता है? सबसे बड़ा कारण है ताप-संतुलन। पकी हुई सब्जियां शरीर में थोड़ी गर्मी पैदा करती हैं, जबकि धनिया स्वभाव से ठंडा होता है। दोनों मिलकर पाचन को आरामदायक बनाते हैं ताकि भोजन भारी न लगे।

इसके अलावा, धनिया शरीर से टॉक्सिन्स, भारी धातुएं और हानिकारक तत्व बाहर निकालने में मदद करता है। इसे नैचुरल चेलेटिंग एजेंट माना जाता है। यह शरीर की सफाई का आसान तरीका है।

धनिये की खास खुशबू भी सिर्फ खुशबू नहीं है। इसे सूंघते ही दिमाग तुरंत डाइजेस्टिव एंजाइम्स एक्टिव कर देता है, जो भूख बढ़ाते हैं और पाचन तेज करते हैं।

धनिया को लिवर का डिटॉक्स स्विच भी कहा जाता है। इसके एंजाइम लिवर की सफाई की प्रक्रिया को तेज करते हैं। पेट में जलन हो रही हो या गैस बन रही हो तो



सिर्फ 15 मिनट में धनिया रस राहत देता है। सोडियम लेने वाले या हाई बीपी वालों के लिए यह खास फायदेमंद है क्योंकि यह ब्लड में सोडियम स्तर को कम करने में मदद करता है। त्रिदोष (वात, पित्त, कफ) को संतुलित करने वाले खाद्य पदार्थ बहुत कम मिले हैं, लेकिन धनिया उनमें से एक है।

धनिया पानी यूरिक एसिड और अतिरिक्त नमक बाहर निकालकर किडनी के काम को आसान बनाता है। इसलिए इसे कई लोग सुबह खाली पेट पीते हैं। लेकिन फायदे दोगुने तभी मिलते हैं जब इसे सही तरीके से खाया जाए, जैसे धनिया को पकाकर न डालें, बल्कि गैस बंद करने के बाद ऊपर से डालें ताकि विटामिन सी और इसके एसेंशियल ऑयल्स नष्ट न हों। नींबू के साथ यह और भी ताकतवर हो जाता है क्योंकि नींबू आयरन की अवशोषण क्षमता बढ़ाता है।

# सड़क दुर्घटना में मारे गए दुल्हन के माता-पिता व चाची के गहने गायब

## शादी में मिले शगुनों से भरा बैग भी चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

लुधियाना के साहनेवाल में 1 दिसंबर को हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। बेटी की डोली विदा कर फतेहगढ़ के सरहिंद लौट रहे परिवार की इनोवा गाड़ी एक तेज रफ्तार ट्रक से टकरा गई। हादसे में दुल्हन के माता-पिता और चाची की मौत हो गई, जबकि दो रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। लेकिन दुर्घटना के बाद परिवार के लिए एक और सदमा तब आया, जब उनके कीमती गहने और कैश चोरी होने का पता चला।

सरहिंद नगर कौंसिल के काउंसलर गुलशन राय बॉबी ने बताया कि मृतकों के पास रखे लगभग 3 लाख रुपए, एप्पल फोन और 15-16 तोले सोना गायब मिले हैं। मृत महिला के गले से नेकलेस भी उतार लिया गया। उन्होंने कहा कि हादसे के तुरंत बाद परिवार और रिश्तेदार घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल ले गए, इसलिए किसी ने भी ज्वेलरी और कैश की सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया।

हादसे की जानकारी देते हुए दुल्हन के मामा अंकुर ने बताया कि दुल्हन के पिता के पास शादी का सारा पैसा था। दुर्घटना के बाद केवल शगुन के लिए रखे गए लिफाफों वाला थैला ही मिला, जिसमें करीब 8-10 हजार रुपए थे। इसके अलावा गाड़ी और मौके पर किसी भी चीज़ का पता नहीं चला। अंकुर ने कहा, "हादसे और घायलों को अस्पताल ले जाने के दौरान हमें चोरी का पता ही नहीं चला। यह हमारे लिए दूसरा बड़ा सदमा है।"

2 दिसंबर को मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद परिवार ने साहनेवाल थाने में गाड़ी की जांच कराई, लेकिन चोरी का कोई सामान बरामद नहीं हुआ। थाना साहनेवाल के सब-इंस्पेक्टर और जांच अधिकारी जसप्रीत सिंह ने कहा कि परिवार ने यह जानकारी रिपोर्ट में बाद में दी, क्योंकि एक्सीडेंट के समय पूरा ध्यान घायलों को अस्पताल ले जाने में लगा हुआ था।

उन्होंने बताया कि पुलिस अब मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और चोरी के आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटना न केवल परिवार के लिए मानसिक आघात का कारण बनी है, बल्कि शहर में दुर्घटना और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। कई लोगों ने पुलिस और प्रशासन से अनुरोध किया है कि एक्सीडेंट के समय और उसके बाद गाड़ी और यात्रियों की सुरक्षा के लिए बेहतर प्रबंध किए जाएँ।

विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे हादसों में दुर्घटना स्थल पर मौजूद लोगों और प्रशासन का त्वरित और सही कदम न केवल जीवन बचाने में मदद करता है, बल्कि चोरी और अन्य अपराधों की संभावना को भी कम करता है। लुधियाना हादसे ने यह स्पष्ट कर दिया है कि शहर में सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं के बाद सुरक्षा व व्यवस्था के मानक सुधारने की आवश्यकता अब अत्यंत जरूरी है।

# हथियारबंद बदमाशों ने घर में घुसकर दंपति पर किया हमला

▪ 18 लोगों पर मामला दर्ज

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

लुधियाना के आत्म नगर इलाके में माता चिंतपूर्णी मंदिर के पास पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहाँ देर रात हथियारबंद लोगों ने एक घर पर हमला कर दंपति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही मामले की शिकायत थाना मॉडल टाउन की पुलिस को दी गई, पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर छापेमारी शुरू कर दी है।

मामले की जानकारी देते हुए पीड़ित राकेश कुमार ने बताया कि 29 नवंबर की रात अचानक घर का गेट जोर-जोर से खटखटाया जाने लगा। शक होने पर वह छत पर गया, जहाँ उसने एक युवक को तलवार पकड़े खड़ा देखा। उसके साथ लगभग 15 लोग और थे, जो तेजधार हथियारों से लैस होकर गाली-गलौज कर रहे थे। इसी दौरान तीन आरोपी—गुरमीत कालड़ा, जसमीत कालड़ा और लविश—गेट तोड़ने का प्रयास करने लगे और बाद में दीवार फांदकर घर के अंदर घुस आए।

राकेश ने बताया कि अंदर घुसते ही आरोपियों ने उस पर और उसकी पत्नी शकुंतला रानी पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान महिला के कपड़े फाड़ दिए गए और दंपति के ढाई साल के पौत्र इवान को भी जबरन छीनकर नीचे पटक दिया गया, जिससे वह घायल हो गया। घर में चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी बचाव के लिए आए, लेकिन आरोपियों ने उन्हें भी धमकाते हुए मौके से फरार हो गए।

शिकायत के आधार पर मॉडल टाउन थाना पुलिस ने गुरमीत, जसमीत, लविश सहित करीब 18 लोगों पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# नामजदगी पत्रों के तीसरे दिन 5 उम्मीदवारों ने नाम दाखिल

▪ इस बार चौतरफा मुकाबला दिखेगा

**दीपक कुमार | माछीवाड़ा**
**समर न्यूज़**



राज्य में जिला परिषद व ब्लॉक समिति चुनावों को लेकर चुनाव अखाड़ा पूरी तरह अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुका है और अलग अलग पार्टियों के उम्मीदवारों द्वारा नामजदगी पत्र दाखिल किए जा रहे हैं और साथ ही साथ चुनाव प्रचार भी शुरू कर दिया गया है।

नामजदगी पत्र दाखिल करने के पहले दो दिन तो किसी भी उम्मीदवार ने पत्र दाखिल नहीं करवाया था। आज चुनाव अधिकारी ए आर ओ गुरदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज केबल 5 उम्मीदवारों ने ही नामजदगी पत्र दाखिल किए हैं और कल अंतिम दिन ही सभी उम्मीदवार पत्र दाखिल करेंगे क्योंकि कल के उपरांत किसी भी उम्मीदवार के पत्र नहीं लिए जाएंगे।

उन्होंने उम्मीदवारों को अपील की कि जो भी फाइल लेकर आएं वो पूरी तरह तैयार करके ही लाएं ताकि किसी को भी कोई परेशानी ना आ सके। उन्होंने बताया कि 5 तारीख को कागजों की जांच की जाएगी। इस लिए कागजों में कोई भी कमी ना हो। इस बार इन चुनावों में चौतरफा मुकाबला देखने को मिलेगा क्योंकि जहां आम आदमी पार्टी, अकालीदल, कांग्रेस के उम्मीदवार चुनाव मैदान में है वहीं बीजेपी द्वारा भी अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे जा रहे हैं।

# शोरूम से लाखों की फैंसी ज्वेलरी चोरी

**शेखर वर्मा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



लुधियाना में चोरों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सिमिटरी रोड पर स्थित एक शोरूम में चोरों ने शटर तोड़कर लाखों रुपये की कीमती आर्टीफिशियल फैंसी ज्वैलरी चोरी कर ली। इस वारदात ने स्थानीय लोगों में डर और आक्रोश दोनों ही बढ़ा दिए हैं। शोरूम की संचालिका चेतना, जो फैंसी ड्रेसेज और ज्वैलरी का व्यवसाय करती हैं, ने बताया कि रविवार रात करीब 9 बजे उन्होंने शोरूम बंद कर घर चली गई थीं। सोमवार सुबह पड़ोसियों ने शोरूम का शटर उखाड़ा होने की जानकारी दी। जब चेतना मौके पर पहुंचीं, तो उन्होंने देखा कि चोरों ने पूरे शोरूम में सामान बिखेर दिया था और कई कीमती ज्वैलरी की चोरी कर ली थी।

चोरों ने सिर्फ ज्वैलरी ही नहीं, बल्कि एक टैब, मोबाइल और शोरूम में लगे सीसीटीवी का डीवीआर भी चुरा लिया। इससे न सिर्फ शोरूम की सुरक्षा में सेंध लगी है, बल्कि पुलिस के लिए भी जांच में मुश्किलें बढ़ गई हैं।

चेतना ने तुरंत थाना डिवीजन नंबर आठ की पुलिस को घटना की जानकारी दी और लिखित शिकायत दर्ज करवाई। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि आरोपी चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और चोरी का सारा सामान बरामद कर उन्हें न्याय दिलाया जाए। स्थानीय लोग इस घटना को लेकर गहराई से चिंतित हैं। उनका कहना है कि शहर में चोरों की बढ़ती सक्रियता ने आम जनता की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोग प्रशासन और पुलिस से सुरक्षा बढ़ाने की मांग कर रहे हैं ताकि ऐसी वारदातों पर लगाम लगाई जा सके और नागरिकों में भय का माहौल न बने।

# 117 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी भाजपाः तरुण

**सुनील शिंगार | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

धार्मिक समागम में शामिल होने के लिए भारतीय जनता पार्टी के सीनियर नेता तरुण चुघ ने सीधे शब्दों में कहा कि बीजेपी पंजाब की 117 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने यहां तक कह दिया कि भाजपा इसके लिए सारी तैयारी कर चुकी है। भारतीय जनता पार्टी के वर्कर से लेकर बड़े नेता तक 2027 को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए तैयार हैं। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में पंजाब के पंचायती चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी बड़ी जीत हासिल करेगी। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल के गठजोड़ पर भी कहा कि पार्टी के बड़े नेता जो फैसला लेंगे वह मंजूर है। दिल्ली में बीते दिनों हुए ब्लास्ट पर भी उन्होंने कहा कि आरोपी चाहे कहीं भी जा छुपे, उनको ढूंढ निकालने के लिए टीनएज लगातार काम कर रही है।

# कमिश्नर के आदेश हवाई एमटीपी ने नहीं ली सुध, न्यू विवेक नगर में धड़ल्ले से खड़े हो रहे अवैध निर्माण

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



वार्ड नंबर 91 के न्यू विवेक नगर में अवैध निर्माण का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। क्षेत्र में कई नए निर्माण बिना मंजूरी के चल रहे हैं, वहीं कुछ इमारतों में तो कमर्शियल बेसमेंट तक बनाए जा रहे हैं, जो साफ तौर पर बिल्डिंग बायलाज़ की खुली उल्लंघना है। स्थिति यह है कि शिकायतों के बावजूद मौके पर निगम को मामला नज़र ही नहीं आता और बिल्डर ने आगे दीवार कर दी की आगे किसी व्यक्ति की नजर न पड़े मनमाने तरीके से काम जारी रखे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक नगर निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल ने अवैध निर्माण की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए सोमवार को एमटीपी को मौके पर जांच के आदेश दिए थे। कमिश्नर ने स्पष्ट कहा था कि क्षेत्र में हो रहे हर अवैध निर्माण की तुरंत रिपोर्ट दी जाए और ज़रूरी कार्रवाई की जाए। लेकिन, बुधवार को न्यू विवेक नगर में हालात इसके बिल्कुल उलट दिखे। दिनभर निर्माण कार्य जारी रहा। न तो किसी अधिकारी की मौजूदगी दिखी, न ही किसी स्तर पर रोकथाम होती नज़र आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिल्डरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे खुलेआम अवैध बेसमेंट खोद रहे हैं, जबकि वहां कोई भी कमर्शियल उपयोग की अनुमति नहीं है।

**▪ क्या कहते हैं कमिश्नर...**

नगर निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल ने इस मामले पर कहा—मैंने कल ही एमटीपी की ड्यूटी लगाई थी। अब दोबारा आदेश जारी कर रहा हूँ, तुरंत कार्रवाई की जाएगी। कमिश्नर के इस बयान के बाद अब देखना यह होगा कि क्या निगम का फील्ड स्टाफ वाकई हरकत में आता है या न्यू विवेक नगर में अवैध निर्माण यूँ ही जारी रहेगा। क्या निगम कमिश्नर के आदेश सिर्फ कागज़ों तक सीमित हैं।

## एक ही सीट पर वर्षों से जमे मुलाज़िमों पर उठे सवाल

# अवैध निर्माण और रेवेन्यू घाटे को लेकर बढ़ी चर्चाएं

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**

लुधियाना नगर निगम में क्लर्क, इंस्पेक्टर और सुपरिटेंडेंट स्तर के कई कर्मचारियों के लंबे समय से एक ही सीट, ब्लॉक और ज़ोन में तैनात रहने को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, करीब 10 वर्षों से कुछ मुलाज़िमों की तैनाती में बदलाव न होने के चलते अवैध निर्माणों और अनियमित कॉलोनियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है, जिससे नगर निगम को राजस्व (रेवेन्यू) का बड़ा नुकसान झेलना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक, कई अधिकारी और कर्मचारी स्थानीय मोहल्लों एवं गलियों को भली-भांति जानते हैं, इसके बावजूद अवैध निर्माणों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। शहर में कई गैर-कानूनी कॉलोनियों की कटाई जारी बताई जा रही है, जबकि निगम की रेवेन्यू वसूली में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हो सकी। सूत्र यह भी दावा करते हैं कि कुछ मुलाज़िम वर्षों से प्रमोशन लेकर भी उसी पुराने ज़ोन और ब्लॉक से हटना नहीं चाहते। यदि किसी का तबादला हो भी जाए तो कथित रूप से अपने आकाओं की मदद से दोबारा वही ड्यूटी लगवा ली जाती है। इस कारण ज़ोनल स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर सवाल उठ रहे हैं। हाल ही में निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल ने विभागीय रेवेन्यू में सुस्ती को लेकर संबंधित विभागों में हलचल मची है। इसके बाद निगम अवैध निर्माणों पर रोक लगाने की दिशा में सक्रियता दिखाई दे रही है।

# फोटो-विज़न 25 आर्ट एग्ज़िबिशन का उद्घाटन

**लक्की मेहता | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



लुधियाना नगर निगम में क्लर्क, इंस्पेक्टर और सुपरिटेंडेंट स्तर के कई कर्मचारियों के लंबे समय से एक ही सीट, ब्लॉक और ज़ोन में तैनात रहने को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, करीब 10 वर्षों से कुछ मुलाज़िमों की तैनाती में बदलाव न होने के चलते अवैध निर्माणों और अनियमित कॉलोनियों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है, जिससे नगर निगम को राजस्व (रेवेन्यू) का बड़ा नुकसान झेलना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक, कई अधिकारी और कर्मचारी स्थानीय मोहल्लों एवं गलियों को भली-भांति जानते हैं, इसके बावजूद अवैध निर्माणों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। शहर में कई गैर-कानूनी कॉलोनियों की कटाई जारी बताई जा रही है, जबकि निगम की रेवेन्यू वसूली में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हो सकी।
सूत्र यह भी दावा करते हैं कि कुछ मुलाज़िम वर्षों से प्रमोशन लेकर भी उसी पुराने ज़ोन और ब्लॉक से हटना नहीं चाहते। यदि किसी का तबादला हो भी जाए तो कथित रूप से अपने आकाओं की मदद से दोबारा वही ड्यूटी लगवा ली जाती है। इस कारण ज़ोनल स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर सवाल उठ रहे हैं।बताया जा रहा है कि हाल ही में निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल द्वारा विभागीय रेवेन्यू में सुस्ती को लेकर की गई कड़ी नाराज़गी के बाद संबंधित विभागों में हलचल मची है। इसके बाद निगम को रेवेन्यू बढ़ाने और अवैध निर्माणों पर रोक लगाने की दिशा में सक्रियता दिखाई दे रही है।

# इक नजर मेहर दी तक्क लै, मेरे बालाजी मेनू चरणा च रख लै...

**समर न्यूज़ | लुधियाना**



सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर जोशी नगर शंकराचार्य नगर (हैबोवाल कलां )में श्रंखलाबद्ध संध्या चौंकी का आयोजन किया गया।

संध्या चौंकी का आयोजन मंदिर प्रधान अमन जैन की,चेयरमैन ऋषि जैन ,उपप्रधान अनुज मदान की अध्यक्षता में किया गया। सांय संध्या चौंकी में प्रसिद्ध भजन गायिका ने अपने भजनों के माध्यम से श्री बालाजी भगवान की महिमा का गुणगान कर दिव्य पवित्र दरबार में हाजिरी लगाई।भंडारे की सेवा मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा की गई।संध्या चौंकी में गणमान्य को मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया।इस अवसर पर मंदिर प्रधान अमन जैन , चेयरमैन ऋषि जैन , उपप्रधान अनुज मदान ने कहा कि नव बर्ष पर मंदिर प्रांगण में दिव्य आयोजन किया जायेगा व् प्रसिद्ध भजन मंडली श्री बालाजी मंदिर में अपने भजनों के माध्यम से हाजिरी लगाएंगे।

# पीएयू लुधियाना के क्राइज़ेंथेमम शो का दूसरा दिन

**समर न्यूज़ | लुधियाना**



फूलों की खुशबू लेती हुए लड़की — फोटो लक्की भट्टी -समर न्यूज़

पीएयू लुधियाना के क्राइज़ेंथेमम शो के दूसरे दिन शहरवासियों ने सैकड़ों किस्मों के रंग-बिरंगे गुलदाउदी फूलों के बीच बड़ी संख्या में शिरकत की, जहां प्रदर्शन Dr. Manmohan Singh Auditorium के बाहरी परिसर में हुआ। कार्यक्रम का आयोजन पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी के फ्लोरीकल्चर एंड लैंडस्केपिंग विभाग ने एस्टेट ऑर्गनाइज़ेशन के सहयोग से 2–3 दिसंबर 2025 को किया।

शो में क्राइज़ेंथेमम की विविध श्रेणियां—इन्कर्व्ड, रिफ्लेक्स्ड, स्पाइडर, डेकोरेटिव, पॉम्पॉन/बटन, सिंगल/डबल कोरियन, स्पून और एनेमोनी—प्रतियोगिता वर्गों के तहत प्रदर्शित की गईं। मंच पर 90 से अधिक वैराइटीज़ के गमलों का प्रदर्शन किया गया, जिनमें विशेष रूप से प्रशिक्षित पॉट-ट्रेन्ड डिस्प्ले भी शामिल रहे। कार्यक्रम में हॉर्टिकल्चर शौकीन, परिवारों और विद्यार्थियों की बड़ी भागीदारी देखी गई, जहां रंग-बिरंगे क्राइज़ेंथेमम की मौसम-विशेष खिलावट ने सबसे अधिक ध्यान खींचा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शो में दर्जनों प्रतिस्पर्धात्मक क्लासेज और सैकड़ों खूबसूरत डिस्प्ले ने आगंतुकों को आकर्षित किया।

**सोशल मीडिया** | सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने वाला युवक काबू, विदेशी एजेंसी से लिंक की जांच

# भिंडरावाला का नाम लेकर समुदायों को भड़काने का आरोप

**अशवनी पाहवा | लुधियाना**
**समर न्यूज़**



जानकारी देते पुलिस कमिश्नर। -समर न्यूज़

लुधियाना में साइबर सेल पुलिस ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ और सांप्रदायिक सौहार्द को नुक़सान पहुँचाने वाली सामग्री साझा करने वाले एक युवक को रोपड़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर विभिन्न धार्मिक समुदायों के बीच नफरत फैलाने और समाज में अशांति पैदा करने का आरोप है। पुलिस को यह भी संदेह है कि उसकी गतिविधियों के पीछे किसी विदेशी खुफिया एजेंसी का हाथ हो सकता है, जिसकी गहन जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी अर्शदीप सिंह सैनी सोशल मीडिया पर भिंडरावाला का नाम लेकर उकसाने वाली पोस्टें साझा करता था। वह हिंदू और सिख युवकों के खिलाफ आपत्तिजनक और भ्रामक सामग्री लिखकर माहौल खराब करने की कोशिश करता था। साइबर अपराध शाखा के अधिकारियों ने बताया कि युवक की पोस्टें लगातार समाज को दो वर्गों में बाँटने और तनाव पैदा करने वाली थीं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस कमिश्नर ने प्रेसवार्ता कर मामले का विस्तृत ब्यौरा दिया। पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा ने बताया कि आरोपी अर्शदीप 2019 से सोशल मीडिया पर सक्रिय है। उसके लगभग 13 हजार अनुयायी हैं और वह लंबे समय से भड़काऊ टिप्पणियाँ करता आ रहा था। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी सिख, हिंदू और मुस्लिम समुदायों के खिलाफ बार-बार टिप्पणी कर समाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करता था। वह भिंडरावाला का नाम लेकर गलत और भ्रामक बयान भी प्रसारित करता था, जिससे कई बार युवाओं में भ्रम और तनाव की स्थिति पैदा होती थी। पुलिस का मानना है कि आरोपी की गतिविधियाँ किसी सुनियोजित रणनीति का हिस्सा हो सकती हैं।

उसके अनुयायियों की प्रोफ़ाइल और उनकी गतिविधियों के अध्ययन में कई संदिग्ध बिंदु मिले हैं, जिनके आधार पर पुलिस यह जांच कर रही है कि कहीं यह किसी बड़े नेटवर्क की ओर इशारा तो नहीं करता। पुलिस यह भी देख रही है कि आरोपी की पोस्टें पंजाब में अस्थिरता फैलाने वाली किसी सामग्री का हिस्सा थीं या नहीं। इस मामले में साइबर सेल पुलिस स्टेशन ने 28 नवंबर को आरोपी के खिलाफ प्रौद्योगिकी कानून की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी को रोपड़ से गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस उसे रिमांड पर लेकर आगे की पूछताछ करेगी।

जानकारी के अनुसार, अर्शदीप 2014 में ब्रिटेन गया था और हाल ही में भारत वापिस लौटा है। पुलिस सभी तकनीकी पहलुओं की जाँच कर रही है और आने वाले दिनों में मामले का और खुलासा होने की संभावना है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 89